Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 80 जयपुर, गुरूवार, 29 अगस्त 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: '1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

### कोलकाता रेप-मर्डर, राष्ट्रपति बोलीं- बस बहुत हुआ

# मैं निराश और डरी हुई हूं, ऐसी घटनाओं को भूल जाना समाज की खराब आदत

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के 20 दिन बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला बयान आया है। उन्होंने कहा, ''मैं घटना को लेकर निराश और डरी हुई हूं। अब बहुत हो चुका। समाज को ऐसी घटनाओं को भूलने की खराब आदत है। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'विमेंस सेफ्टी: एनफ इज एनफ' नाम से एक आर्टिकल लिखा था, जिस पर उन्होंने मंगलवार (27 अगस्त) को घ्छ्रक्के एडिटर्स से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोई भी सभ्य समाज अपनी बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचारों की इजाजत नहीं दे सकता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। उनका शव सेमिनार हॉल में मिला था। उनकी गर्दन टूटी हुई थी। मुंह, आंखों और प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था। राष्ट्रपति ने लिखा- कोलकाता में हुई डॉक्टर के रेप और मर्डर की घटना से देश सकते में है। जब मैंने इसके बारे में सुना तो मैं निराश और भयभीत हुई। ज्यादा दुखद बात यह है कि यह घटना अकेली घटना नहीं है। यह महिलाओं के खिलाफ अपराध का एक हिस्सा है। जब स्टूडेंट्स, डॉक्टर्स और नागरिक कोलकाता में प्रोटेस्ट कर रहे थे, तो अपराधी दूसरी जगहों पर शिकार खोज रहे थे। विक्टिम में किंडरगार्टन की बच्चियां तक शामिल थीं।



### महिलाओं ने लंबी लड़ाई लड़कर अपने हिस्से के अधिकार पाए: मुर्मू

हमारे संविधान ने महिलाओं समेत सभी लोगों को तब बराबरी का अधिकार दिया तब दुनिया के कई हिस्सों में यह सिर्फ एक काल्पनिक बात थी। इसके बाद राष्ट्र ने ऐसे इंस्टीट्यूशंस बनाए जो इस बराबरी को हर उस जगह लागू कर सके, जहां इसकी जरूरत है और कई स्कीम और पहलों के जरिए इसे बढ़ावा दे सकें। सिविल सोसाइटी भी आगे आईं और इस दिशा में राष्ट्र की कोशिशों में मदद की। दूरदर्शी लीडर्स ने समाज के हर क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया। आखिरकार कई अद्भुत और जुझारू महिलाओं की वजह से कम भाग्यशाली महिलाओं के लिए यह संभव हुआ कि वे इस सामाजिक क्रांति का लाभ उठा सकें। महिला सशक्तिकरण की यह कहानी रही है। लेकिन महिला सशक्तिकरण के रास्ते में कम रुकावटें नहीं आई हैं। महिलाओं ने हर एक इंच जमीन जीतने के लिए लड़ाई लड़ी है। सामाजिक धारणाओं और कई परंपराओं और प्रथाओं ने महिलाओं के अधिकारों को बढ़ने से रोका है।

### राष्ट्रपति बोलीं- समाज को खुद के अंदर झांककर मुश्किल सवाल पूछने होंगे

पिछले साल महिला दिवस के मौके पर मैंने एक न्यूजपेपर आर्टिकल के जरिए अपने विचार और उम्मीदें साझा की थीं। महिलाओं को सशक्त करने की हमारी पिछली उपलब्धियों को लेकर मैं सकारात्मक हूं। मैं खुद को भारत में महिला सशक्तिकरण की इस शानदार यात्रा का एक उदाहरण मानती हूं, लेकिन जब भी मैं देश के किसी कोने में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में सुनती हूं तो मुझे गहरी पीड़ा होती है। मैंने रक्षाबंधन पर स्कूल के बच्चों से मुलाकात की थी। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या हम उन्हें भरोसा दिला सकते हैं कि निर्भया जैसे केस अब नहीं होंगे। मैंने उन्हें बताया कि हर नागरिक की रक्षा करना राष्ट्र की जिम्मेदारी है, लेकिन साथ ही सेल्फ-डिफेंस और मार्शल आर्ट्स में ट्रेनिंग लेना सभी के लिए जरूरी है, खासतौर से लड़कियों के लिए, ताकि वे और ताकतवर हो सकें। लेकिन यह महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी नहीं है, क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा कई कारणों से प्रभावित होती है। जाहिर सी बात है कि इस सवाल का पूरा जवाब सिर्फ हमारे समाज से आ सकता है। समाज को ईमानदारी, निष्पक्षता के साथ आत्म-विश्लेषण करने की आवश्यकता है। समाज को खुद के अंदर झांकना होगा और मुश्किल सवाल पूछने होंगे। हमसे कहां गलती हुई? इन गलतियों को दूर करने के लिए हम क्या कर सकते हैं?

### हुड्डा का आवास घेरने जा रहे युवाओं-पुलिस में झड़प

# बैरिकेड हटाने पर हुई धक्कामुक्की, पानी बरसाया; सरकारी भर्ती रिजल्ट रुकने पर भड़के

■ संजीवनी टुडे

चंडीगढ़।चंडीगढ़ में बुधवार को बेरोजगार युवाओं और पुलिस में झड़प हो गई। युवा चंडीगढ़ में हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास का घेराव करने जा रहे थे। रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने बैरिकेड लगा रखे थे। जिन्हें प्रदर्शनकारी युवाओं ने हटाने की कोशिश की। इस दौरान युवाओं और पुलिस में धक्कामुक्का भी हुई। माहौल बिगड़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया। वहीं कई युवाओं को हिरासत में भी लिया। दरअसल, कुछ दिन पहले कांग्रेस ने हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से निकाली गई भर्तियों पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद आयोग ने आचार संहिता का हवाला देते हुए इन सभी भर्तियों का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी थी। रिजल्ट पर रोक लगाने के बाद युवा भड़क गए। उन्होंने अब कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एचएसएसासी ने 16 अगस्त को पुलिस कॉन्स्टेबल के 5600 रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती का ऐलान किया था। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए 10 सितंबर से आवेदन शुरू होने थे जो 24 सितंबर 2024 तक जारी रहने वाले थे। इसके साथ ही शिक्षकों की दो श्रेणी (टीजीटी और पीटीआई) के 76 पदों के संबंध में भी इसी दिन एक



नोटिफिकेशन जारी किया गया था। 16 अगस्त को ही चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ था और एचएसएसासी ने भर्तियों का ऐलान भी इसी दिन किया था इसलिए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इसकी शिकायत क्त्रक्र से की। कांग्रेस ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया था। शिकायत के बाद आयोग ने राज्य सरकार से इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। राज्य सरकार द्वारा दिए गए तथ्यों की जांच के बाद पाया गया की भर्ती प्रक्रिया में आदर्श आचार संहिता का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। जांच में आयोग ने ये भी पाया की भर्ती प्रक्रिया चुनाव की घोषणा से पहले शुरू की गई थी। इस फैसले पर हरियाणा भाजपा ने कांग्रेस को घेरा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- हरियाणा के युवा कृपया ध्यान दें, एक बार फिर कांग्रेस के भर्ती रोको गैंग ने हरियाणा के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

### मोदी सरकार 3.0 की मंत्रिपरिषद की पहली बैठक

# पांच घंटे चली मीटिंग; महिलाओं-किसानों पर जोर, 100 दिन के एजेंडे की रिपोर्ट पर चर्चा

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली मंत्रिपरिषद बैठक बुधवार को हुई। नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में आयोजित पांच घंटे की बैठक में सरकार के पहले 100 दिन के एजेंडे पर हुई प्रगति का जायजा लिया गया। बैठक के दौरान महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों से जुड़ी योजनाओं पर फोकस किया गया। बैठक में विभिन्न सरकारी विभागों के सचिव भी शामिल हुए। अधिकारियों ने 100 दिन के एजेंडे पर क्या-क्या काम हुआ, उसकी रिपोर्ट दी। पीएम मोदी ने बैठक के दौरान मंत्रियों और ब्यूरोक्रेट्स को महिलाओं और गरीबों के सामने आने वाली समस्याओं को कैसे दूर किया जाए, इस पर फोकस रखने को कहा। 9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम ने अगले ही दिन 10 जून को मंत्रिपरिषद की पहली बैठक की थी। इसमें गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी थी। इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। पीएम मोदी ने सम्मान निधि की फाइल पर भी साइन किए थे। केंद्र की किसान कल्याण योजना के तहत देश के 9.3 करोड़



किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। इसे ही किसान सम्मान निधि कहा जाता है। मोदी ने सोमवार को इसकी 17वीं किश्त को मंजूरी दी थी। 9 अगस्त को केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 योजना को मंजूरी दी। योजना के तहत 3,60,000 करोड़ रुपए की लागत से तीन करोड़ घर बनाए जाने हैं। कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए आठ रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट में लिए फैसलों की जानकारी दी थी। बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए एनडीए सरकार ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। एमआईजी परिवार 6 लाख रुपए से 9 लाख रुपए तक की आय वाले परिवार हैं।

### पिछले 10 सालों में जैसा काम किया, आगे भी वैसा ही करना

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले 10 सालों में काफी काम किया है और अगले पांच सालों तक इसी गति से काम करना होगा। मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से कहा कि उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया है कि विकास पिछले दशक की तरह ही जारी रहेगा, क्योंकि उन्हें उन पर भरोसा है। मोदी ने मंत्रियों से गतिशक्ति मंच और मिशन कर्मयोगी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने का आदेश दिया ताकि बुनियादी ढांचे और कौशल क्षेत्रों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

### ममता बोलीं- बंगाल जला तो यूपी-बिहार-असम भी जलेंगे

# आग दिल्ली तक पहुंचेगी, मोदी की कुर्सी गिरेगी, हिमंत बोले- हमें डराने की हिम्मत कैसे हुई?

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में भाजपा के बंगाल बंद के दौरान हुए प्रदर्शन और आगजनी पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर राज्य में आग लगवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर बंगाल में आग लगी तो असम से लेकर दिल्ली तक जाएगी और पीएम की कुर्सी गिर जाएगी। इसके जवाब में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि आपकी असम को डराने की हिम्मत कैसे हुई? वहीं, केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल के भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता के बयान को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को चिट्?ठी लिखी है। इसमें उन्होंने कहा कि ऐसा बयान किसी संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति नहीं दे सकता है। यह राष्ट्र-विरोधी की आवाज है। ममता ने कोलकाता की एक रैली में कहा था कि कुछ लोगों को लगता है कि यह बांग्लादेश है। मुझे बांग्लादेश से प्यार है। वे हमारी तरह बात करते हैं और हमारी संस्कृति भी एक जैसी है, लेकिन याद रखिए कि बांग्लादेश अलग देश है और भारत अलग देश है। मोदी बाबू कोलकाता के रेप-मर्डर केस में अपनी पार्टी का इस्तेमाल करके बंगाल में आग लगवा रहे हैं।



### असम के मंत्री बोले- जब तक भाजपा सरकार है, ममता कुछ नहीं कर सकतीं

असम के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि ममता हमें न तो धमका सकती हैं, न डराने की कोशिश कर सकती हैं। वे अपने राज्य में कानून और व्यवस्था को नियंत्रित नहीं कर पा रही हैं और हमें धमकी दे रही हैं। मैं आपको यह विश्वास दिला सकता हूं कि यह असम में नहीं चलेगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं ममता बनर्जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे बहुत वरिष्ठ नेता हैं और लंबे समय से मुख्यमंत्री हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि सार्वजनिक रूप से कैसे बोलना है। मैं उनके बयान की गंभीरता से निंदा करता हूं। मैं आपको आश्वासन दे सकता हूं कि जब तक असम में भाजपा सरकार है और हिमंत बिस्व सरमा मुख्यमंत्री हैं, तब तक ममता असम में कुछ नहीं कर सकती हैं। अगर आपने बंगाल को जलाया तो असम, नॉर्थ-ईस्ट, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। हम आपकी कुर्सी गिरा देंगे। ममता के इस बयान को लेकर सरमा ने ङ्ग पर पोस्ट में कहा कि दीदी, आपकी हिम्मत कैसे हुई असम को धमकाने की? हमें लाल आंखें मत दिखाइए। आपकी असफलता की राजनीति से भारत को जलाने की कोशिश भी मत कीजिए। आपको विभाजनकारी भाषा बोलना शोभा नहीं देता।

# उत्तराखंड में 10 लड़कों ने 2 महिलाओं से छेड़छाड़ की

■ संजीवनी टुडे

### कार में सवार होकर रास्ता रोका, 25 मिनट परेशान किया; घटना का वीडियो वायरल

देहरादून। उत्तराखंड के हल्द्वानी में दो महिलाओं के साथ 10 लड़कों के छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दिख रहा है कि लड़कियां रात में अपनी कार से घर जा रही थीं, तभी एक स्कॉर्पियो ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की। कुछ देर बाद पास से दूसरी कार निकली जिसके दोनों गेट पर दो लड़के लटके हुए थे और महिलाओं पर भद्दे कमेंट कर रहे थे। यह वीडियो प्राची जोशी नाम की यूजर ने शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि यह वीडियो हल्द्वानी की रहने वाली एक लड़की ने उन्हें भेजा है। प्राची ने उन दोनों लड़कियों का नाम नहीं बताया है, हालांकि उनके हवाले से पूरी घटना की जानकारी दी है। पोस्ट में लिखा है कि दोनों कारों में बैठे लड़के 25 मिनट तक लड़कियों को परेशान करते रहे। आज रात मैं अपनी दोस्त के साथ फिल्म देखकर वापस आ रही थी। तभी हल्द्वानी के सेक्रेड हार्ट स्कूल के पास मुखानी रोड पर दो कारों में बैठे 10 आदमियों ने हमारा रास्ता रोकने की कोशिश की। टेंपरेरी नंबर वाली काले रंग की एक स्कॉर्पियो कार हमारे आगे चल रही थी।तभी सफ़ेद रंग की गद्बधप द्ब20 ने पीछे से उनका रास्ता रोक दिया। हम अपनी कार साइड से न निकाल लें, इसके लिए गद्बधप द्ब20 में बैठे लड़कों ने हमारे बगल से कार निकाली। उन्होंने अपनी कार के दोनों दरवाजे खोल रखे थे। जब पहली बार ऐसा हुआ तो हमकिसी तरह बच कर निकली गईं। हालांकि, लड़कों ने हमारा पीछा किया और दोबारा हमारा रास्ता रोक दिया। इस समय स्कूटर पर सवार एक व्यक्ति वहां से निकला, उसने लड़कों को रोका, जिससे हम एक बार फिर भाग सकीं। लेकिन वे लड़कें फिर हमारे पीछे आ गए। इस पोस्ट में प्राची जोशी ने उत्तराखंड पुलिस को भी टैग किया। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित न कर पाने को लेकर पुलिस की आलोचना की। उन्होंने हल्द्वानी में बढ़ती गुंडागिरी पर सवाल उठाया और पुलिस से अपील की कि वे इन लड़कों के खिलाफ एक्शन लें।

### बीजेपी प्रभारी को पायलट का जवाब, कहा-वाणी में विनम्रता रखें

# उपचुनाव में दो-दो हाथ कर लेंगे, मैंने बड़े-बड़ों का डटकर विरोध किया, लेकिन संयम से

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मो?हन दास अग्रवाल को सचिन पायलट ने नाम लिए बिना विरोधियों का सम्मान करने की नसीहत देते हुए तंज कसा। पायलट ने कहा- राजस्थान तो अतिथि देवो भवः की भूमि है। जो भी आया है, उसका स्वागत है। यहां मोहब्बत का इतिहास रहा है। वाणी में विनम्रता रखनी चाहिए। लोगों को सम्मानपूर्वक संबोधित करना चाहिए। जहां तक राजनीति की बात आ रही है तो उपचुनाव आने वाले हैं, वहां मुकाबला हो जाएगा। सब सामने आ जाएगा। पायलट ने कहा- राजनीति में हमारे विरोधी भी हो सकते हैं। विरोध विचार और सोच का हो सकता है। काम करने के तरीके का हो सकता है। उस पर चर्चा हो, संवाद हो। हमारी बिरादरी के लोग समझते हैं। हमने बड़े से बड़े विरोधी का भी विरोध किया है और डटकर विरोध किया है, लेकिन संयम से किया है। विरोधियों का सम्मान करना, इज्जत देना, संयम और मर्यादा की सीमा को नहीं लांघना, यह हमारी राजनीति का परिचय है। उनकी कार के सामने बैठकर नारेबाजी की थी। इसके बाद बुधवार सुबह राधा मोहन ने कहा था- मंगलवार की रात उदयपुर के एयरपोर्ट पर जो हुआ, दुःखी करने वाला था?

### विकास केवल घोषणाओं में हो रहा है

पायलट जयपुर जिले में जमवारामगढ़ के आंधी में सामाजिक कार्यक्रम में बोल रहे थे। पायलट ने कहा- जीवन में समय कभी एक जैसा नहीं रहता। जिन लोगों को सत्ता की चाबी दी जाती है, उनसे उम्मीद की जाती है कि पूरी ताकत जनता की सेवा में लगाएंगे। गरीब का कल्याण करेंगे। आज क्या हालात बन रहे हैं। बच्चियों से रेप हो रहा है। विकास की केवल घोषणा हो रही है। पायलट ने कहा- सरकार में इतना झगड़ा है कि कौन मंत्री है, कौन नहीं है। हमारे वरिष्ठ नेता डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा के बारे



में एक पत्रकार ने पूछा कि उन्होंने इस्तीफा वापस नहीं लिया। यह मसला मेरा नहीं, भाजपा का है। वो इससे निपटेंगे। मैंने भाजपा नेताओं को सलाह दी कि सच्चे मन से मनाओगे तो डॉक्टर साहब मान जाएंगे। आधे मन से मनाआगे तो नहीं मानेंगे। उख्र्ने सच्चे मन से नहीं मनाया। सचिन पायलट ने कहा- राजनीति में अलग-अलग विचारधारा और अलग-अलग बैकग्राउंड से लोग आते हैं। हमारा अंतिम उद्देश्य क्या है। हम में से जनता की बेहतर सेवा कौन कर सकता है? हमारा कोई आपसे झगड़ा नहीं है। कोई व्यक्तिगत झगड़ा नहीं है। हम तो विचारधारा के माध्यम से, घोषणा पत्र के माध्यम से, सोच के अंतर से जनता से निवेदन करते हैं। आप हमको वोट दो, हम बेहतर कर सकते हैं। जो प्रतिस्पर्धा है वह जनता की कसौटी पर खरा उतरने की है। दरअसल, बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन की गाड़ी को मंगलवार रात उदयपुर एयरपोर्ट से निकलते ही युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रोक लिया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार पर स्याही फेंकी थी।

# देश में जोधपुर-आगरा समेत 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनेंगे

■ संजीवनी टुडे

### 10 राज्यों में 28 हजार करोड़ की स्कीम मंजूर, 40 लाख नौकरियां मिलेंगी

नई दिल्ली। देश के 9 राज्यों में 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा 10 राज्यों में 6 कॉरिडोर बनेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार, 28 अगस्त को इसकी मंजूरी दी। 12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर और 30 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रोजेक्ट की कुल लागत 28,602 करोड़ होगी। 1.52 लाख करोड़ की निवेश क्षमता होगा। ये औद्योगिक स्मार्ट सिटी नेशनल इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरिडोर प्रोग्राम (गत्रक्रष्ठ) के तहत बनाए जा सकते हैं। 10 जून को पीएम जब कार्यालय पहुंचे तो उनका स्वागत हुआ था। इसके बाद मोदी ने पहली फाइल पर साइन किए थे। 9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम ने अगले ही दिन 10 जून को मंत्रिपरिषद की पहली बैठक की थी। इसमें गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी थी। इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। पीएम मोदी ने सम्मान निधि की फाइल पर भी साइन किए थे। केंद्र की किसान कल्याण योजना के तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। इसे ही किसान सम्मान निधि कहा जाता है। मोदी ने सोमवार को इसकी 17वीं किश्त को मंजूरी दी थी। 9 अगस्त को केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 योजना को मंजूरी दी। योजना के तहत 3,60,000 करोड़ रुपए की लागत से तीन करोड़ घर बनाए जाने हैं। कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए आठ रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट में लिए फैसलों की जानकारी दी थी।

### देश का मानसून ट्रैकर:गुजरात में बारिश से 26 की मौत

# मोदी ने मुख्यमंत्री से बात की; 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। देश के पश्चिमी और पूर्वोत्तर में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने गुरुवार (29 अगस्त) को 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, गुजरात में चार दिन से बहुत भारी बारिश का दौर जारी है। बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 26 लोगों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर राज्य के हालात का जायजा लिया। बुधवार (28 अगस्त) को द्वारका, जामनगर, राजकोट और पोरबंदर जिलों में 12 घंटे में 50 मिमी से 200 मिमी के बीच बारिश दर्ज की गई। द्वारका के भानवड में 185 मिमी बारिश हुई, यह राज्य में सबसे ज्यादा है। मौसम विभाग ने आज सौराष्ट्र में अतिभारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अलावा आर्मी, एयरफोर्स और कोस्टगार्ड बचाव-राहत में जुटे हैं। 17 हजार 800 लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। इधर, मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर थम गया है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर समेत प्रदेश के ज्यादातर जिलों में धूप खिली रही।

### नेपाल में बारिश से बिहार में नदियां उफान पर



नेपाल और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश की वजह से बिहार में नदियां उफान पर हैं। भागलपुर, मुंगेर और वैशाली में गंगा का जलस्तर बढ़ा है। इन जिलों के निचले इलाके में पानी घुस गया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण पटना में 31 अगस्त तक 76 सरकारी स्कूलों को बंद रखने का ऐलान किया गया है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर सिंह ने कहा- गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण निचले इलाकों के 8 ब्लॉक में पानी भर गया है। इसलिए इन्हीं 8 ब्लॉक के स्कूलों को बंद रखा गया है। रीवा प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री रहा। 30 और 31 अगस्त से एक बार फिर स्ट्रॉन्ग सिस्टम बन रहा है। ये प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 28 जिलों में भारी बारिश कराएगा। मोरबी की सड़कों पर भरा पानी। यहां 28 अगस्त को सामान्य से 1770% ज्यादा बारिश हुई। जामनगर में भी भारी बारिश से हालात खराब हैं। विधायक रीवाबा जडेजा ने कॉलोनियों में जाकर बाढ़ के हालात देखे।

## खबरें फटाफट

### आईआईएसयू की स्टूडेंट देवांशी कंवर की आईसीएसआई एग्जाम में जयपुर में तीसरी रैंक

■ संजीवनी टुडे




जयपुर। आईआईएस(डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के अकाउंटिंग एंड टैक्सेशन डिपार्टमेंट की स्टूडेंट देवांशी कंवर ने आईसीएसआई की ओर से हुए कंपनी सेक्रेटरीशिप एग्जीक्यूटिव एग्जाम जून-2024 के दोनों ग्रुप में जयपुर में तीसरी रैंक हासिल की है। बीकॉम(ऑनर्स) (प्रोफिसिएंसी इन कंपनी सेक्रेटरीशिप) सेमेस्टर 5 की स्टूडेंट देवांशी की इस सफलता पर यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### खो-खो प्रतियोगिता में सुनीता मीणा टीम रही विजय



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल सप्ताह 26 अगस्त से 31 अगस्त तक मनाया जा रहा है। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राव सज्जन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राव सज्जन सिंह ने खेलों के महत्व को बताते हुए छात्राओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ राजेन्द्र कुमार गोठवाल ने बताया कि खेल सप्ताह में परम्परागत खेल खो-खो, कबड्डी, बेडमिंटन आदि का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सुनीता मीणा की टीम विजयी रही। इस दौरान डॉ राजेन्द्र कुमार गोठवाल, डॉ कृष्ण ओला, डॉ नवल जाट, डॉ अशोक यादव, दिनेश प्रजापत, डॉ नीरू मीना आदि मौजूद रहे।

### विजेता टीम का किया स्वागत



■ संजीवनी टुडे

भीनमाल। रानीवाड़ा में आदर्श विद्या मंदिर (विद्या भारती)द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान गुरुकृपा हॉस्टल के विधार्थियो ने कबड्डी प्रतियोगिता में जालौर की टीम को हराकर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया।विजेता टीम के सभी खिलाड़ी आदर्श विद्या मंदिर भीनमाल में अध्यनरत है। हॉस्टल पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

### भामाशाह द्वारा स्कूल के बच्चों को जूते व मोजे किये वितरित



■ संजीवनी टुडे

राजगढ। उपखंड के राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय नीमला विद्यालय के समस्त बच्चों को भामाशाह द्वारा जुते व मोजे वितरित किए गए । प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया की बुधवार को राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय नीमला मे भामाशाह रामेश्वर दयाल विजय नीमला वाले हाल निवासी मुंबई के द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र- छात्राओं को जूते व मोज़े वितरण किये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश शर्मा,आशारानी गुप्ता व.अ. ,समाजसेवी हरिओम पाण्डु, नेमी नीमला,चंदन बढ़वाला,देशरत्न गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विमला देवी शर्मा,एवं अभिवावक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने की पुलिस गश्त लगाने की मांग

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर) राजकुमार गुप्ता। कस्बे के माचाड़ी रोड़ पर छाहरीन धाम से आमकीवाल की ओर से जाने वाले आम रास्ते पर शाम को शराबियों का जमावड़ा रहने से रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण सुरेश चंद सैनी, अनीता, राकेश सैनी, हरीराम, खिलाड़ी सैनी, श्रीराम सैनी आदि ने बताया कि छाहरीन धाम हनुमान मंदिर के आगे से आमकीवाल वाले के रास्ते पर शाम को शराबियों का जमावड़ा बना रहता है। शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक यहां पर राहगीरों व ट्युशन तथा स्कूली बालिकाओं को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# एक पेड मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

■ संजीवनी टुडे

अलवर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक पेड मां के नाम अभियान के तहत आज प्रातः कटीघाटी स्थित नगर वन में जिला एवं सेशन न्यायाधीश हरेंद्र सिंह की अगुवाई में न्यायिक अधिकारियों ने वृहद स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री सिंह कहा की विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशव्यापी अभियान के रूप में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत कर लोगों से अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान के प्रतीक के रूप में और धरती मां की रक्षा और संरक्षण के लिए पेड़ लगाने का आह्वान किया। इसी क्रम में ही माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर एवं विधि एवं न्याय मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप अलवर मुख्यालय एवं समस्त ताल्लुका मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का संचालन किया जा रहा है इससे पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। उन्होंने



बताया गया कि अभियान के तहत आज नगर वन कटी घाटी में चारों तरफ बाउड्री होने से रोपित किए गए पौधे सुरक्षित रहेंगे तथा उनकी नियमित देखभाल होती रहेगी एवं न्यायिक अधिकारी भी समय पर आकर इन पौधों को संभालते रहेंगे। उन्होंने आमजन से भी यह अपील कि की प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक पौधारोपण कर इस अभियान को सफल बनाए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहन लाल सोनी ने बताया कि स्वस्थ वातावरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको न केवल पौधे लगाने चाहिए बल्कि उनकी देखभाल की भी करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले में एक पेड मां के नाम अभियान एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृहद स्तर पर चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान एक सराहनीय कदम है जिससे प्राकृतिक सौन्दर्य में निखार आने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। इस दौरान श्रम न्यायाधीश आरती भारद्वाज, विशिष्ट न्यायाधीश एसीडी न्यायालय अरूण कुमार बेरिवाल, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या 1 अलवर अनिल कौशिक, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 अलवर राजेंद्र कुमार सैनी, विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय संख्या 4 हिमांकनी गौड़ व समस्त वरिष्ठ न्यायिक अधिकारीगण तथा डीएफओ राजेन्द्र हुड्डा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर से अनिता यादव, उपेन्द्र शर्मा, अमित अरोड़ा, विजय सैनी, पुनित शर्मा एवं अंकित मंगल तथा सतीश सिंह, न्याय विभाग एवं वन विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भूपाल सागर का किया अवलोकन




■ संजीवनी टुडे

जाशमा। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल माली खेड़ा में राजस्थान राज्य भारत स्काउट में गाइड जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ से सर्कल ऑर्गेनाइजर सी ओ चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल माली खेड़ा स्थानीय संघ भूपाल सागर का अवलोकन किया जिसमें स्काउटिंग व गाइडिंग के बारे में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को इसके लाभ एवं राष्ट्रपति अवार्ड के लाभ की जानकारी दी तथा जीवन का सर्वांगीण विकास एवं सामुदायिक सेवा भाव की विस्तृत जानकारी दी एवं राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ दिलाते हुए बच्चों को खेल से जुड़ने का आह्वान किया ,जिला मुख्यालय से सत्यनारायण सोमानी ने स्काउट की जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में स्थानीय संघ सचिव दिनेश चंद्र धोबी ने स्टाफ के द्वारा सी ओ साहब का स्वागत किया कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुकेश नागर स्काउटर प्रेम प्रकाश मीणा एवं विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे है।

## वातायन वार्षिक-पतरिका का विशेषांक भेंट कर नागर को किया सम्मानित



■ संजीवनी टुडे

अलवर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) अलवर द्वारा 2023-24 की मुद्रित पत्रिका ''वातायन'' मे प्रकाशित ''स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में'' लेख जिसमें राज्य में संचालित मॉडल स्कूलों की संरचना, योजनाएं प्राथमिक विद्यालयो का संचालन एवं विद्यार्थीयों एवं अभिभावकों की अपेक्षा पर सुशील नागर (वरिष्ठ अध्यापक) द्वारा संकलित लेख पर प्रभागाध्यक्ष एवं संपादन मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल अनीता अरोड़ा ,डीआरयू प्रभागाध्यक्ष अनुरिता झा की गरिमामय उपस्थिति में वातायन पत्रिका प्रति भेंट कर सम्मानित किया । कार्यक्रम में मंच संचालन रमाकान्त शर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम स्थल नजर बगीची में डाइट द्वारा आयोजित कार्यशाला जैंडर सेंसटिवीटी पर विभिन्न ब्लॉक्स के संभागी जिनमें नवीन भारती राजगढ़ ,पंकज शर्मा, हरवंश राय, महेश तनेजा रुमी सिंह, पिंकी बाघोरिया सहित सभी ब्लाक से अध्यापक गण उपस्थित रहे ।

# धनाऊ से रामदेवरा के लिये एक साथ तीन पैदल जत्था हुऐ रवाना

■ संजीवनी टुडे

धनाऊ । धनाऊ तहसील मुख्यालय से हर वर्ष की भांति इसी वर्ष भी रामदेव मन्दिर धनाऊ से लगातार 15 वी सफल पैदल यात्रा रामदेवरा श्री द्वारकाधीश पैदल यात्रा संघ का करीब 200 श्रद्धालुओं का जत्था रावताराम हुड्डा के नेतृत्व में रामदेव मंदिर परिसर से सुबह रवाना हुआ इसी तरह इसी दिन त्रिदेव पैदल यात्रा संघ जगदम्बा माता मन्दिर प्रागण से सुबह करीब 300 श्रद्धालुओं का जथा लगातार 14 वि पैदल यात्रा संघ रामदेवरा के लिये रवाना हुआ जोगाराम मूंढ के नेतृत्व में रवाना हुआ इसी तरह श्री न्यू द्वारकाधीश पैदल यात्रा संघ का लगातार 8 वि पैदल यात्रा संघ का करीब 130 श्रद्धालुओं का जत्था मांगीलाल ओढ़ाना के नेतृत्व में रवाना हुआ। एक साथ तीन जत्थों के रामदेवरा के लिये रवानगी को लेकर लोगों में काफी



उत्साह है। पैदल यात्रीयों का जत्था सुबह बाबा रामदेव मन्दिर धनाऊ से गाजों बाजो के साथ ढोल नगाड़े व डीजे बजाते रवाना हुआ। बाबा के भजनो व डीजे के धमाको पर यात्री नाचते व बाबा के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए पूरे धनाऊ मार्केट मै माहोल संगीतमय व भजनमय हो गया हर तरफ सिर्फ ही सिर्फ बाबा कि जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी माहोल लग रहा था जैसे कि यह धनाऊ नही स्वय प्रभु रामदेव का रूणीचा है हर हाथ मै पंचरंगी नेजा लहरा रही थी। जयकारों मै चलो बुलावा आया है बाबा ने बुलाया है,, ध्वजा फरूके बाबे री,, मन्दिर दीखे, बाबे रो,, पगल्या पलकै,,, बाबे रा जैसे जयकारों की गूंज ने पूरे धनाऊ का माहोल भक्तीमय कर दिया था।

## झंडा पूजन के साथ चतुर्थ पपलाज माता की पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर) राजकुमार गुप्ता। पंचायत समिति के सकट क्षेत्र के नारायणपुर के बाढ़ बंध का बास से बुधवार को पपलाज माता सेवा समिति नारायणपुर के तत्वाधान में पपलाज माता की चतुर्थ पदयात्रा विधिवत झंडा पूजन के साथ शीतला माता मंदिर से रवाना हुई। पदयात्रा की अगुवाई कर रहे पदयात्री विश्राम सैनी ने बताया कि पदयात्रा रवाना होने से पूर्व पं पवन कुमार शर्मा ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारणो के साथ झंडा पूजन करवाया। वही पदयात्रा को नाथलवाडा ग्राम पंचायत के सरपंच मुकेश मंडावरी एवं सकट सरपंच प्रतिनिधि फूलचंद सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुषों ने भाग लिया वही पदयात्रा के दौरान पुरुष श्रद्धालु अपने हाथों में ध्वज पताका लेकर पपलाज माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे थे वहीं महिलाएं डीजे के भजनों की धुनों पर नाचते गाते चल रही थी। पद यात्रियों का जगह-जगह स्वागत कर उन्हें फल वितरित किए गए। पदयात्रा बांदीकुई सिकंदरा राजवास गढ़ रानोली व मोरोली होते हुए शुक्रवार को घाटा पपलाज माता मंदिर पहुंचेगी यहां पद यात्रियों द्वारा माता के मंदिर पर सामूहिक रूप से ध्वज चढ़ाकर माता के मंदिर पर गुरुवार को माता का रात्रि जागरण व शुक्रवार को दोपहर 12 बजे माता रानी को भोग लगाकर भंडारा शुरू किया जाएगा। इस मौके पर विश्राम सैनी, महेंद्र सैनी, मोतीलाल सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ऑल इण्डिया एस सी/एस टी रेलवे एम्प्लॉयज एसोसिएशन द्वारा राजकोट में विरोध प्रदर्शन



■ संजीवनी टुडे

राजकोट। भारतीय रेलवे में ऑल इण्डिया एस सी/एस टी रेलवे एम्प्लॉयज एसोसिएशन की एक्ए के निर्देशानुसार माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा ट्टए/ट्टठ वर्ग के आरक्षण में क्रीमी - लेयर और उप-वर्गीकरण के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमे राजकोट मंडल में भी बी आर सरगरा जोनल वर्किंग प्रेसिडेंट/मंडल सचिव और नमोनारायण मीना मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारियों और एस सी/एस टी रेल कर्मचारियों के साथ मिलकर मंडल रेल प्रबंधक राजकोट के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया गया और शांति पूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज किया।

## 6 माह से फरार मंदिर चोरी के 2 मुल्जिम गिरफ्तार व अपराध में प्रयुक्त 2 मोटरसाईकिल जब्त



■ संजीवनी टुडे

सलुम्बर। 6 माह से फरार मंदिर चोरी के 2 मुल्जिम को गिरफ्तार किया व अपराध में प्रयुक्त 2 मोटरसाईकिल जब्त की। झल्लारा थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला मय टीम द्वारा 6 माह से फरार मंदिर चोरी में वांछित अभियुक्त हुरजी उर्फ हरीश मीणा (24)पिता पेमा मीणा व पप्पु उर्फ पप्पुलाल उर्फ पपीया मीणा (18)पिता बाबरू मीणा उम्र साल निवासी आडावेला फला अग्गड थाना लसाडिया जिला सलुम्बर को मुखबीरान की सहायता से दबीश देकर उक्त दोनो अभियुक्तो को गिरफतार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त दोनो मोटरसाईकिलो को जब्त किया गया। प्रार्थी दातारसिंह पिता विजयसिंह निवासी पायरा थाना झल्लारा जिला सलुम्बर ने एक लिखित रिपोर्ट इस आषय की पेष की कि 14 मार्च की रात्री करीबन 10 बजे हमारे गाव पायरा मे भेरवजी मंदीर से जोर जोर से ताला तोडने की आवाज आई तो घर से बाहर निकल कर सुना तो मन्दिर भेरवजी मे बदमाश ताला तोड रहे थे। जिस पर गाव के लोगो मन्दिर तरफ भागे एवंम जाकर देखा तो मंदिर के अंदर तिजोरी रखी हुई थी पुरी खोद कर बदमाश ले गये एवं आस पास तलाश कि तो पास ही पुलिया पर टुटी हुई तिजोरी पडी मिली जिसमे से दानदाताओ द्वारा चडायी गयी राशि चुराकर ले गये। थाना हाजा पर प्रकरण दर्ज कर थाना हाजा टीम द्वारा पुर्व में अभियुक्त वाला उर्फ वालिया पिता खुमा मीणा निवासी केवदा थाना सलुम्बर जिला सलुम्बर को 10 जुलाई को एवं गंगाराम उर्फ गांगा मीणा पिता पेमा मीणा निवासी खरका तालाब स्कूल फला थाना गींगला जिला सलुम्बर को 22 अगस्त को गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया गया जो न्यायिक अभिरक्षा में है।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी महोत्सव का आयोजन

■ संजीवनी टुडे

भीनमाल। यूथ फॉर नेशन संस्था के बैनर तले हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष में दादेली बावड़ी पर गोपाल चौक में दही हांडी एंव बाल गोपाल कृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप निरीक्षक घेवर राम, विजयराज बंजारा,दलपत बंजारा,पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष चेयरमैन जरुपाराम माली,सनातन धर्म संस्कृति के विक्रमसिंह आर्य,डॉक्टर अक्षय बोहरा,एडवोकेट निरंजन व्यास, डॉक्टर अंकेश चौधरी,भंवरसिंह, राव जोरावर सिंह,डॉक्टर करण चौधरी,शंकर माहेश्वरी,जगदीश सिंह राव,जूठाराम सेन,जबराराम सेन,उत्तम दरजी,सुरेश बोहरा,विनोद जैन,अशोक दिवाकर की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।बाल गोपाल कृष्ण एंव राधा बड़े ही मनमोहक सुंदर वेशभूषा के साथ पहुंचे उनको देखने के लोगो पहुँचे,बाल गोपाल कृष्ण प्रतियोगिता में यह रहे बाल गोपाल कृष्ण प्रतियोगिता में वयाश प्रथम स्थान प्राप्त किया। ध्रुव तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त



किया। फूलनती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तीनों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। प्रथम स्थान पर 25 सेकंड में दही हंडी मटकी पीपा क्षत्रिय समाज भीनमाल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया,द्वितीय स्थान पर 52 सेकंड में मटकी फोड़ी विजय तिलक टीम भीनमाल ने इनको,तृतीय स्थान में 1 मिनट में मटकी फोड़ी ऑल एनिमल टीम भीनमाल ने।कार्यक्रम का मंच संचालन सतीश सेन,किशोर सांखला ने किया। संस्था के अध्यक्ष सतीश सेन,किशोर सांखला,पृथ्वीराज फुलवरिया,चंदनसिंह राव,रघुनंदन पारीक,मिडिया प्रभारी ललित होंडा,सरवन सौंनगरा,सुरेश नामा,रमेश फुलवरिया, प्रवीण फुलवरिया, दिनेश जोशी,मीठालाल सुदेशा, प्रशांत त्रिवेदी,सुनील तिवारी, जगदीश वैष्णव,अरविंद महेश्वरी, मानरूपा राम चौधरी, नारायण परमार, महेंद्र फुलवरिया, प्रदीप नागर, सुरेंद्रसिंह,नरेंद्र फुलवरिया,महिपाल सेन, निकेश नागर,उम्मेंद जोशी,प्रवीण सेन, सागर सेन, प्रशांत सेन सहित संस्था के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शीतला माता सेवा समिति ने गोपालोत्सव मनाकर दिया आमजन को मित्रता का संदेश

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर। राजगढ़ माता शीतला सेवा समिति श्री राम दरबार मालाखेड़ा गेट की ओर से गोपाल उत्सव दही हांडी कार्यक्रम आमजन के मध्य आयोजित कर मित्रता का संदेश दिया गया। लायंस क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष खेम सिंह आर्य ने बताया कि गोपालोत्सव कार्यक्रम में श्री कृष्ण और सुदामा जी के मधुर मिलन के साथ समाज में भाईचारा और मित्रता को बनाए रखने जैसा संदेश दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने बताया कि माता शीतला सेवा समिति के सदस्य समय-समय पर इस तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन कर समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है समिति की ओर से मालाखेड़ा गेट का सौंदर्यकरण और शीतला वाटिका का निर्माण किया गया है समिति की टीम की जितनी भी तारीफ की जाए उतनी कम है स्थानीय पार्षद सुनीता प्रजापत ने मुझे बार-बार विकास कार्य करवाए जाने के लिए प्रेरित किया। शहर कोतवाल रामजीलाल मीणा ने कार्यक्रम में भाईचारे को लेकर संदेश दिया। माता शीतला समिति की ओर से श्याम सुंदर विजय ने बताया कि



माता शीतला के सेवादार बच्चों के द्वारा पिछले 10 दिनों से तैयारी की जा रही थी जिसमें दही हांडी को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह था और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका राजगढ़ सतीश दुहरिया, विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब प्रांतीय अध्यक्ष खेम सिंह आर्य,निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा, लायंस क्लब अध्यक्ष प्रदीप महावर, पूर्व रीजन चेयरपर्सन वीरेंद्र दाधीच, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल दीक्षित, शहर कोतवाल रामजीलाल मीणा, लोकेश रावत, योगेश वशिष्ठ, पूर्व वाइस चेयरमैन प्रदीप शर्मा, पार्षद सुनीता प्रजापत,गौरव कसेरा, धर्मचंद रैबारी, धर्मचंद सैनी, प्रीति शर्मा, अंजू सैनी, तुलसी शर्मा, सुखराम सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

# चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापार महासंघ ने पुलिस उपाधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। नगर पालिका क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर राजगढ़ व्यापार महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीणा व कोतवाल रामजीलाल मीना से मिला। राजगढ़ व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक बजाज ने बताया की राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में विगत दो माह में 20 से अधिक चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी है। मगर पुलिस प्रशासन के सुस्त रवैया के कारण एक भी वारदात का खुलासा नहीं हुआ है, कोई अपराधी पकड़ में नहीं आया है न ही चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण हो सका है। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि व्यापारी अपने जान माल की सुरक्षा को लेकर भयभीत है। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की है कि सात दिवस के अंदर अपराधियों को पकड़ा जावे व भविष्य में चोरी की घटनाओं की पुनरावृति ना



हो ऐसी व्यवस्था की जावे। अन्यथा सात दिवस के बाद व्यापार संघ आंदोलन की राह पकड़ने के लिए व बाजार बंद जैसा कठोर निर्णय लेने के लिए मजबूर होगा। पुलिस प्रशासन ने अपराधियों को शीघ्र ही पकड़ने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में राजगढ़ व्यापार महासंघ के अध्यक्ष बसंत गुप्ता, जिला व्यापार महासंघ राजगढ़ के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, कैलाश चंद्र गुप्ता, जगदीश प्रसाद महावर, गिर्राज अग्रवाल, गिर्राज बांडा, मोनू सैनी,वीरेंद्र दाधीच व सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### टीएडी मंत्री खराड़ी 30 को उदयपुर में करेंगे जनसुनवाई

■ संजीवनी टुडे



उदयपुर। जनजाति अंचल की जनसमस्याओं के प्रभावी व त्वरित निस्तारण की दिशा में पहल करते हुए प्रदेश के जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी द्वारा 30 अगस्त को संभाग मुख्यालय पर जनसुनवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी अनुसार केबिनेट मंत्री श्री खराड़ी शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे से शहर के पटेल सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे और परिवादियों की समस्याओं पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। टीएडी मंत्री की जनसुनवाई को देखते हुए परिवादियों को अपनी-अपनी परिवेदनाओं के साथ उपस्थित होकर इस जनसुनवाई का लाभ उठाने का आह्वान किया गया है।

### राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक का यात्रा कार्यक्रम

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। राजस्थान विधानसभा के सरकारी मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग जिले की दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को जोधपुर से उदयपुर पहुंचेंगे। इनका रात्रि विश्राम उदयपुर में रहेगा और वे गुरुवार 29 अगस्त को दोपहर 2 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 29 को

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गुरुवार 29 अगस्त को सुबह 11:30 बजे जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर बामनिया ने समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी व खंड कार्यक्रम अधिकारियों को बैठक एजेंडा के अनुसार समस्त सूचनाओं के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आमुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर के पाठ्यक्रम सामग्री निर्माण एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आयोजित आमुखीकरण कार्यशाला बुधवार को सम्पन्न हुई। डाइट प्रिंसीपल चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि कार्यशाला में डाइट परिक्षेत्र के समस्त सीबीइओ कार्यालयों (बीआरसी) एवं अधीनस्थ विद्यालयों (सीआरसी) से एक-एक अधिकारी सहित कुल 40 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रभागाध्यक्ष तेजपाल जैन ने कार्यशाला की विषयगत जानकारी संभागियों को साझा की साथ ही प्रभारी अधिकारी रियाज़ अहमद ने विषय के मनोवैज्ञानिक पक्ष को रेखांकित किया। संभागियों की ओर से पीईईओ संजय लुणावत, गोविंद सिंह शक्तावत तथा आरपी रेखा मेहता ने चर्चा में भाग लिया। प्रभाग द्वारा उपस्थित संभागियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को ब्लॉक तथा क्लस्टर लेवल पर शिक्षकों तथा विद्यार्थियों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

### राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में रिक्त रहे पदों मिलेगा सीधा प्रवेश

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। उदयपुर में एकमात्र नवनिर्मित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश सत्र 2024-25 के प्रथम वर्ष सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल ब्रांच में रिक्त रहे स्थानों पर सीधे प्रवेश का अवसर दिया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस हेतु 10वीं पास इच्छुक अभ्यर्थी डिप्लोमा प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु संस्थान में 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते है। प्रति दिवस दोपहर 12 बजे फॉर्म जमा होने के बाद मेरिट बनाकर उसी दिन प्रवेश दिया जायेगा। इस प्रक्रिया के दौरान राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षण उपलब्ध है।

### विद्या संबल योजना: छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी पर शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जिले में संचालित विद्यालय स्तरीय राजकीय छात्रावासों में कक्षा 6 से 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषय में विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को विद्या संबल योजनान्तर्गत गेस्ट फैकल्टी के तौर पर नियुक्त किया जायेगा। विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि राजकीय बालिका छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी के चयन में प्रथम वरीयता महिला आवेदक को दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित छात्रावास में 5 सितम्बर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। भटनागर ने बताया कि योजना के तहत सेवानिवृत कार्मिक व निजी अभ्यर्थियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में लगाया जायेगा। गेस्ट फैकल्टी के चयन के लिए कमेटी का गठन किया गया है, कमेटी अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर वरीयता सूची तैयार करेगी।

# कांग्रेस देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ : मदन राठौड़

# भाजपा में नेता नही विचारधारा और कार्यकर्ता सर्वोपरि : अग्रवाल

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। सलूंबर उप चुनाव की तैयारियो के निमित्त संगठनात्मक बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओ से संवाद करने प्रदेश प्रभारी डा राधामोहन अग्रवाल एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने लवकुश सभागार में आयोजित संगठनात्मक बैठक के विभिन्न सत्रों में कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन किया। प्रातः 11 बजकर 30 मिनिट पर प्रदेश प्रभारी डा राधामोहन अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभागार में प्रवेश किया।भारत मां,श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के गान के साथ प्रथम सत्र का शुभारंभ अतिथियों ने किया। जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान एवं जिला पदाधिकारियों के नेतृत्व में अतिथियों का मेवाड़ी पाग, उपरना एवं हाड़ी रानी का चित्र भेट कर परंपरागत स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस का इतिहास फूट डालो और राज करो का रहा है।कांग्रेस के गहलोत के कुशासन की विफलताओं में जनता को खून के आंसू रुलाया।कांग्रेस ने आपसी लड़ाई में जनता के पांच साल बर्बाद कर दिए।कांग्रेस के नेता देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़ी रही।इनके चुनावी घोषणा पत्र में कहा गया की देश में बहुसंख्यक वाद को समाप्त कर देंगे। तुष्टिकरण की राजनीती और वोट बैंक के चक्कर में राजस्थान को बारूद के ढेर पर



बिठा दिया गया। राठौड़ ने कहा की राजस्थान में डबल इंजन की भजन लाल सरकार ने सुशासन,सुराज और अग्रणी राजस्थान के रोड मैप पर कार्य करना शुरू कर दिया।हमने घोषणा पत्र के 60 प्रतिशत से अधिक वादों को मूर्त कर दिया है।यह सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और जन सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना दिखलाता हे।राठौड़ ने कहा की देश ने पीएम मोदी के संगत दृष्टिकोण में विगत दो कार्यकालो में विकास के नए आयामों को छुआ है।वैश्विक स्तर पर देश की स्वीकार्यता बढ़ी है।राठौड़ ने कहा की जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए भाजपा की सरकारों ने सिर्फ घोषणा नही की बल्कि धरातल पर कार्ययोजना उतारी।एसटी एसी आरक्षण से लेकर पहली बार आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाने का काम भाजपा की विचारधारा ने किया।राठौड़ ने आवाह्न किया की कार्यकर्ता एकमुखी एकजुट होकर हर बूथ से भाजपा की विजय हेतु जुट जाए।बूथ जीता तो चुनाव जीता सलूंबर का कार्यकर्ता सुनिश्चित विजय हेतु जुट जाए। प्रदेश प्रभारी डा राधामोहन मोहन अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा की भाजपा में विचारधारा सर्वोपरी है,यहां सांसद,विधायक या मंत्री प्रभावी नहीं बल्कि कमल का फुल प्रभावी है।उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा की हमारी आस्था कमल से जुड़ी है,यहां व्यक्तिवाद नही अपितु तत्व निष्ठा सर्वोच्च है।जो कमल का फुल लेकर आयेगा हम उसके साथ है कमल का विरोधी हमारा विरोधी है।प्रभारी अग्रवाल ने महाराणा प्रताप,वीरांगना हाड़ी रानी,राणा पूंजा का स्मरण करते हुए कहा की यह भूमि त्याग,समर्पण और समरसता की भूमि है वे इसको नमन करते है।यहां के कण कण में भक्ति,शक्ति ,त्याग और समर्पण का संगम है।यहां से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का संदेश सम्पूर्ण विश्व को गया है। अग्रवाल ने कहा की बूथ प्रबंधन और पन्ना प्रमुख जीत की कुंजी है।कार्यकर्ता जीवंत संपर्क और संवाद के जरिए हर मतदाता तक पहुंचे।आपके स्वर्गीय विधायक अमृत लाल मीणा के दो कार्यकाल समृद्ध रहे और तीसरे कार्यकाल में भी महज कुछ महीनो में राजस्थान सरकार ने इस विधानसभा में हजारों करोड़ों की सोगाते दी है। बूथ कार्यकर्ता भाजपा की पहचान और भाजपा की आत्मा है।

# कार्रवाई : जंगल मे छोड़ कर भागे क्रेटा कार से 326.22 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। गंगरार थाना पुलिस ने त्रेष्टा के जंगल से क्रेटा कार में भरा 326.22 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया है। तस्करी के मामले में वांछित आरोपी को पकड़ने गई पुलिस को पीछा करते समय क्रेटा कार से मिला डोडाचूरा। पुलिस ने आरोपी को नामजद कर मौके से क्रेटा कार, एक पिकअप, एक देशी पिस्टल व चार जिंदा कारतूस जब्त किये हैं। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ व रोकथाम करने एवं तस्करी में वांछित आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तारी करने के लिए जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिंह जैतावत के निर्देशन व डीएसपी गंगरार रामेश्वरलाल के सुपरविजन मे पेण्डिग प्रकरणो में वांछित आरोपी की तलाश थानाधिकारी गंगरार फूलचंद टेलर पु.नि. द्वारा टीम गठित कर हैड कानि युवराजसिंह व कानि जगदीश पुलिस थाना साडास के मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में वांछित आरोपी शोभालाल पुत्र नंदलाल बलाई निवासी त्रेष्टा की तलाश हेतु टीम रवाना हो



शोभालाल बलाई के निवास पर दबिश दी। जहां से आरोपी शोभालाल मौका पाकर मकान की छत से कूदकर उसके नोहरे की तरफ भाग गया जिसकी तलाश की गई तो उसके मकान से करीब 200 मीटर दूरी पर बने स्वयं शोभालाल के नोहरे के अंदर से एक सफ़ेद रंग की क्रेटा कार तथा एक पीकअप तेज गति से निकले। उक्त दोनो ही गाड़ियां संदिग्ध होने से पुलिस ने पीछा कर तलाश की गई, लेकिन जंगल होने से उक्त दोनो ही गाड़ियों के चालक भागने में सफल हुए है। घटना की सूचना थानाधिकारी गंगरार फूलचन्द पु.नि. थानाधिकारी को दी गई तो थानाधिकारी मय जाप्ता एएसआई बलवंतसिंह, कानि. हरभान, रोहिताश व रामस्वरूप के साथ जंगल तालाब पेटा पहुंच कर उक्त दोनो गाड़ियो को छोड़कर फरार होने वाले आरोपियों की तलाश की गयी तो नहीं मिले। उक्त क्रेटा कार व पिकअप की नियमानुसार तलाशी ली गयी तो क्रेटा कार में 16 काले कलर के प्लास्टिक के कट्टो व एक कपड़े के बोरे में भरा 326.22 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा व देशी पिस्टल मय चार जिन्दा कारतूस जब्त किये गए। मामले मे शोभालाल पुत्र नंदलाल बलाई निवासी त्रेष्टा को नामजद किया जाकर गंगरार थाने पर एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# शहर के वार्ड नंबर 31 में सफाई अभियान: निखर उठा कचरा स्टेण्ड, रंगोली में दिया स्वच्छता का संदेश

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। नगर निगम, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर व फिनिलूप कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शहर के वार्ड नंबर 31 में सफाई अभियान चलाया गया। पार्षद विद्या भावसार ने बताया कि वार्ड 31 में गुरु नानक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 4 के सामने कचरा पाइंट को पूरी तरह से साफ किया गया और रंगोली बनाई गई तथा रंगोली के माध्यम से स्थानीय निवासियों को स्वच्छता का महत्व बताया और स्वच्छ उदयपुर के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। फिनिलूप कार्यक्रम के सिटी लीड प्रदीप चौबीसा ने बताया कि शहर को प्लास्टिक कचरा मुक्त शहर बनाने के तहत नगर निगम के 12 वार्डों को मॉडल वार्ड बनाने की योजना है। फिनिलूप प्रोग्राम के अंतर्गत समुदाय की मोहल्ला कमेटी गठन, कचरा पाइंट हटाना, होम कंपोस्टिंग यूनिट तथा सेग्रीगेशन के लिए तरह-तरह की आईईसी गतिविधियां की जाती है। इस अभियान के




दौरान शहरवासियों से अपील की गई कि अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखें और उदयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें। अभियान में वार्ड 31 की पार्षद विद्या भावसार, प्रदूषण नियंत्रण मंडल उदयपुर क्षेत्रीय अधिकारी शरद सक्सेना एवं मंडल के पायल पंचोली, अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी कुंज बिहारी पालीवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी गोपाल सिंह गुर्जर, सहायक पर्यावरण अभियंता और सभी अधिकारी, नगर निगम से सैनिटरी इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम, जमादार प्रकाश व टीम, गुरुनानक विद्यालय की प्रधानाचार्य विभा व्यास, उप प्रधानाचार्य आलोक शर्मा व विद्यालय की एनसीसी विंग के विद्यार्थियों, पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उमरड़ा के विद्यार्थी, चाणक्यपुरी समिति से रमेश लालावत, करण सिंह शक्तावत, शांतिलाल अग्रवाल, महेश भावसार व सिद्धार्थ शक्तावत, फिनिलूप परियोजना के प्रबंधक बृंदा शर्मा व सिटीलीड प्रदीप चौबीसा व फिनिलूप टीम सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक लगभग 1 लाख 87 हजार लाभार्थी हुऐ लाभान्वित

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। भारत सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं एवं इनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने एवं आमजन को योजनाओं का लाभ दिलवाने के उद्देश्य से जिले में जिला कलेक्टर के निर्देशन में चल रहे ल्लपहल योजना शिविर'' के तहत बुधवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविरों के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र परिवारों को योजनाओ से जोड़ा गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया एवं सरपंच व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शिविर में सहभागिता दिखाई और आम जन को शिविर का महत्व समझाया। ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साह से भाग लिया और आमजन को योजनाओं से जुड़े लाभों की जानकारी से अवगत कराते हुए मौके पर ही विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण का कार्य किया गया। शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष व्यवस्था करते हुए आमजन स्वास्थ परिक्षण, आयुष्मान कार्ड की ई केवाईसी, सिकल सेल, आभा आईडी, एनसीडी स्क्रीनिग, रक्त चाप की जांच, मधुमेह आदि की जांच भी की जा रही है। आधार कार्ड में 4683,जनआधार 3874 बिजली 984,बैंक खाता 17773,पीएम जीवन सुरक्षा बीमा योजना 43836,पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना 24798,अटल पेंशन योजना 7447, कैटल शेड योजना 6791,कृषक परिवार 12408,म्युटेशन 2787, उज्ज्वला योजना 97,विश्वकर्मा योजना 8392,श्रम योगी मानधन योजना 4413,ई श्रम पंजिकरण 25760, विशेष योग्यजन 1171,रोडवेज पास 2151,जन्म प्रमाण पत्र 6672, मृत्यु प्रमाण पत्र 2122, स्कॉलरशिप( निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास 8279, पेंशन 1370,पालनहार 464,कन्यादान 52,विवाह पंजीयन 1421 इत्यादि योजनाओ में कुल अब तक कुल 1 लाख 87 हजार से अधिक लाभार्थियों को योजनाओ से जोड़ा गया। आज यहां आयोजित होंगे शिविरऽ पंचायत समिति सराडा की ग्राम पंचायत नाल हल्कार,पंचायत समिति लसाड़िया की ग्राम पंचायत लसाडिया और धामनिया,पंचायत समिति सेमारी की ग्राम पंचायत काली घाटी,पंचायत समिति सलूम्बर की ग्राम पंचायत बस्सी सामचोत और उथरदा, पंचायत समिति झल्लारा की ग्राम पंचायत साजनोत,पंचायत समिति जयसमंद की ग्राम पंचायत पाड़ला और भालडिया में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# गैंग के गिरफ्तार आरोपियों ने चित्तौडगढ, प्रतापगढ, भीलवाडा से 6 मारुती वैन चोरी की वारदातें करना किया स्वीकार

■ संजीवनी टुडे

### गंगरार से चोरी की मारुती वैन सहीत तीन चोरी की मारुती वैन बरामद

चित्तौड़गढ़। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी द्वारा जिले में हुई नकबजनी व चोरियों के विरूद्ध कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले के समस्त पुलिस अधिकारीयों को निर्देशित किया गया। इसी कम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चित्तौडगढ़ परबतसिंह एवं डीएसपी गंगरार रामेश्वर लाल के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना गंगरार फुलचन्द टेलर पुलिस निरिक्षक व साईबर सैल टीम की संयुक्त टीम गठीत की गई। दिनांक 11.07.2024 को गंगरार निवासी सुधान्शु गालव पुत्र बजरंग लाल शर्मा ने एक लिखित रिपोर्ट दी. कि उसके मकान के पास रोज उसके पिताजी उनकी मारुती वैन को खड़ी करते है। दिनाक 10.07.2024 को रात को भी गाडी उसी जगह खडी थी सुबह उठकर देखा तो गाडी वहा खडी नहीं मिली उनकी गाडी को कोई अज्ञात चोर मास्टर चाबी से लॉक खोल कर गाडी को चोरी कर ले गये है। इसी तरह से दिनाक 29.7.2024 को



राशमी थाना क्षेत्र के साखली गाँव से व दिनाक 01.08.2024 को रात्री के समय भोपालसागर थाना क्षेत्र के जाशमा गाँव से भी अज्ञात चोर मारुती वैन चोरी कर ले गये। उक्त घटनाओं पर अलग अलग थानों पर रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज हो जांच शुरू की गई। प्रकरणों की गम्भीरता को देखते हुए गठीत टीम द्वारा तकनीकी रूप से अनुसंन्धान करते हुए उक्त वारदात स्थल का मौका मुआइना कर तकनीकी डाटा एवं तकनिकी साक्ष्य जुटाए एवं घटना के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग प्राप्त कर घटना का रूटमैप तैयार किया। तकनिकी डाटा का विश्लेषण कर आरोपियों को नामजद कर उनके बारे में सुचना प्राप्त कि व उनके संदिग्ध ठिकानों पर जगह-जगह दबीश दी जाकर उक्त वारदात कारीत करने वाले दो आरोपियों को गिरफतार किये व उक्त आरोपियों की निशानदेही से चोरी की 3 मारुती वैन बरामद की व शेष मारुती वैन बरामदगी के प्रयास किये जा रहें है। वहीं आरोपियों द्वारा चोरी की वारदात के समय प्रयुक्त की गई बाईक हॉन्डा 200 को भी जब्त किया गया है। आरोपियों ने पुछताछ में अब तक 6 मारुती दैन चोरी करना कबुल किया है और पुछताछ जारी है। जिनसे और भी चोरी का खुलासा होने की प्रबल सम्भावना है। दोनों आरोपियों द्वारा मुख्य मार्ग व नाकाबन्दी पॉइंट से बचते हुए ग्रामीण ईलाको के कच्चे रास्तों से होकर वारदात करने के बाद चोरी की मारुती वैन को लेकर जाते है। वारदात स्थल की एक दो दिन पहले रैकी कराना व पहले से खडी मारुती वैन को चिन्हित करके जाना । साथ आये साथी आरोपी द्वारा रास्ते की आगे आगे चलकर रैकी कर पुलिस के बारे में बताना। भदेसर थाने के दौलतपुरा निवासी 22 वर्षीय दीपक उर्फ दीपू पुत्र जगन्नाथ रावल व चंदेरिया थाने के बेजनाथिया निवासी 22 वर्षीय देवकिशन पुत्र श्याम लाल जटीया। 01. दिनाक 10.07.2024 को रात्री के समय गंगरार से मारुती वैन चोरी करना । 02. दिनाक 29.07.2024 को रात्री के समय साखली थाना राशमी से मारुती वैन चोरी करना। 03 दिनाक 01.08.2024 को रात्री के समय जाशमा थाना भोपालसागर से मारुती वैन चोरी करना। 04. दिनाक 14.06.2024 को रात्री के समय रायपुर भीलवाडा से मारुती वैन चोरी करना। 05. दिनाक 07.07.2024 को रात्री के समय बम्बोरी थाना जालोदा जागीर प्रतापगढ से मारुती वैन चोरी करना ।

# 29 से 10 सितंबर तक भरे जाएंगे गुगल फॉर्म: क्यूआर कोड करे स्कैन और भरे 18 बिंदुओं का फॉर्म और सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले को जिला कलक्टर कार्यालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। मिशन ''पर्यावरण के लिए जीवन शैली'' के तहत भारत सरकार व राज्य सरकार पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली विकसित करने में मिशन मोड पर काम कर रही है। ''पर्यावरण के लिए जीवन शैली'' विषय पर जागरूकता बढ़ाने एवं इस संबंध में आमजन द्वारा किये जा रह सकारात्मक प्रयास एवं नवाचार की जानकारी डिजीटल माध्यम से सूचना संकलित करने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के रूप में आमजन से गुगल फॉर्म के माध्यम से 18 बिन्दुओं पर विवरण भरवाया जा रहा है। उक्त विवरण दिनांक 29 अगस्त से 10 सितम्बर तक भरे जा सकेंगे। आमजन इस संबंध में स्वयं द्वारा किये जा रहे कार्यों के फोटो/विडियो अपलोड कर सकते हैं और सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले को जिला कलक्टर कार्यालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि हमें अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव करने की आवश्यकता है, जो हमारे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपनी जीवन शैली में निम्नलिखित सुधारों पर ध्यान देना चाहिए- पेपर/कपडे के थैले का उपयोग करें, स्टील या अन्य धातु की बोतल व टिफिन का प्रयोग करें ऊर्जा की बचत करें बिजली की खपत को कम करने के लिए ऊर्जा कुशल उपकरणों का उपयोग करें और अनावश्यक बिजली उपकरणों को बंद रखें पानी की बचत करें जल संरक्षण को प्राथमिकता दें और जल का सकारात्मक प्रयोग करे, पर्यावरण अनुकूल यात्रा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, पैदल चलें या साइकिल का उपयोग करें, वृक्षारोपण अपने घर और आस-पास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी देखभाल करें। आमजन द्वारा क्युआर कोड को स्कैन कर गुगल फॉर्म के माध्यम दिनांक 29 अगस्त से 10 सितम्बर तक विवरण भरा जा सकता है। इसके पश्चात सर्वश्रेष्ठ एन्ट्री का चयन कर जिले में प्रत्येक पंचायत समिति से 1 व्यक्ति एवं उत्कृष्ट एन्ट्री वाली ग्राम पंचायत को जिला स्तर पर प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# विधानसभा उपचुनाव 2024 : नवीन मतदाताओं के पंजीकरण एवं जागरूकता के संबंध में बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डायत सलूम्बर के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा उपचुनाव 2024 हेतु विधानसभा में नवीन मतदाताओं पंजीकरण तथा उनमें मतदान संबंधित जागरूकता को लेकर बैठक आयोजित की गई । ईएलसी स्कूल एवं ईएलसी कॉलेज में 17+, 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वाले विद्यार्थियों के जागरूकता एवं पंजीयन के संबंध में विधानसभा क्षेत्र 156 सलूम्बर में दिनांक 28 अगस्त 2024 को राज्य मुख्यालय से डॉ. सुधीर सोनी, श्रीमति शिखा सोनी सलाहकार स्वीप एवं डॉ. देवीलाल गर्ग जिला समन्वयक स्वीप सेल उदयपुर एवं जिला कलक्टर महोदय सलूम्बर के द्वारा चर्चा की गई एवं इनकी अध्यक्षता में पंचायत समिति सलूम्बर के सभागार में विधानसभा क्षेत्र के समस्त पीईईओ, सूपरवाईजर एवं एईआरओं की बैठक ली गई। इस बैठक में दिनेश पाटीदार अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलूम्बर, समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 156 सलूम्बर, पियुष कुमार जैन जिला शिक्षा अधिकारी सलूम्बर एवं निर्वाचन शाखा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। साथ इस संबंध में दिनांक 27 एवं 28 अगस्त 2024 को राज्य टीम द्वारा विधानसभा क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला भी आयोजित की गई।

# तीन क्विंटल से अधिक अवैध डोडा चूरा सहित क्रेटा कार जब्त

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। जिला विशेष शाखा टीम व पारसोली थाना पुलिस ने पारसोली थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के ख़िलाफ़ बड़ी कार्यवाही करते हुए 303 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित क्रेटा कार को जब्त किया है । जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जिला विशेष शाखा टीम को सूचना मिली कि पारसोली थाना क्षेत्र में काटुंदा गांव में पानी की टंकी के पास बने मंदिर के पीछे लावारिस हालत में एक बिना नम्बर की क्रेटा कार पड़ी है, जिसमें अवैध डोडाचुरा भरा हुआ है। टीम ने तत्काल इसकी सूचना पारसोली थाना पुलिस को दी, जिस पर थानाधिकारी प्रेम सिंह उपनिरीक्षक जाप्ते सहित काटुंदा गांव में पानी की टंकी के पास बने मंदिर के पीछे पहुंचे जहां डीएसटी की सूचना के मुताबिक एक लावारिस क्रेटा कार पड़ी हुई मिली। पुलिस ने नियमानुसार क्रेटा कार की तलाशी ली तो गाड़ी में 15 कट्टों में भरा हुआ एवं डिग्गी में बिखरा हुआ 303.07 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला। कार के पास ही दो फ़र्ज़ी नम्बर प्लेटें भी मिली। पुलिस ने कार के चालक की आस-पास तलाश की, किंतु कोई जानकारी नहीं मिल पायी। पुलिस ने नियमानुसार क्रेटा कार, फर्जी नम्बर प्लेटों व अवैध डोडाचूरा को जब्त कर लिया है। पुलिस थाना पारसोली पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, भारतीय न्याय संहिता व एमवी एक्ट में मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# गांधी परिवार के आगे नहीं झुकने वाले नेताओं में से चार तो बाद में प्रधानमंत्री तक बने



गांधी नाम केवलम्। कांग्रेस की बस इतनी ही पहचान है। नेहरू के बाद इंदिरा गांधी से लेकर आज तक कांग्रेस में 'गांधी नाम केवलम्' मूलमंत्र हुआ बना हुआ है। अगर ऐसा न होता तो 75 वर्षीय सोनिया गांधी के कंधों पर पार्टी की बागडोर सौंप कर कांग्रेसी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करते। जो सोनिया गांधी स्वास्थ्य कारणों से अपने संसदीय क्षेत्र तक नहीं जाती हैं, वह कमजोर होती कांग्रेस में कैसे नई जान फूंक कर उसे मोदी के सामने दमखम दिखाने के लिए तैयार कर सकती हैं। दरअसल, गांधी परिवार कुछ भी कहे और चाहे जितना भी दिखावा करे लेकिन हकीकत यही है कि वह अपने हाथ से कांग्रेस के बागडोर गैर गांधी परिवार के किसी नेता के हाथ में नहीं जाने देना चाहती हैं। इसी के लिए गांधी परिवार हर समय पार्टी का नेतृत्व अपने हाथ में बचाये रखने के लिए ताल-तिकड़म करता रहता है। गांधी परिवार के चाटुकारों ने ऐसा भ्रम जाल फैला रखा है, जिससे यही अहसास होता है कि गांधी परिवार के हाथ से नेतृत्व किसी दूसरे नेता के हाथ में गया तो कांग्रेस का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। इसीलिए कांग्रेस में गांधी परिवार के आगे की बात कोई नेता नहीं सोचता है। अगर कोई हिम्मत करके गांधी परिवार से इतर नई राह पकड़ने की कोशिश करता है तो उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। ऐसे नेताओं की लम्बी-चौड़ी लिस्ट है। यह और बात है कि इसमें से कई दिग्गज नेताओं ने कांग्रेस का दामन छोड़ने के बाद भी अपना अस्तित्व बचाये रखा। कुछ अपने दम पर मुख्यमंत्री बने तो चार कांग्रेसी नेता अलग दल से चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने में सफल रहे। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, मोरारजी देसाई, विश्वनाथ प्रताप सिंह से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर तक ने लम्बा समय कांग्रेस में बिताया था, लेकिन गांधी परिवार के सामने घुटने नहीं टेकने के कारण इन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। उक्त के अलावा पिछले कुछ दशकों में कांग्रेस छोड़ने वालों की लिस्ट में अन्य जो बड़े नाम शामिल हुए उसमें दलित नेता बाबू जगजीवन राम, देवी लाल, ममता बनर्जी, के. चंद्र शेखर राव, शरद पवार, बंशी लाल, चन्द्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, रीता बहुगुणा जोशी, जगदंबिका पाल, चौधरी वीरेन्द्र सिंह, राम कृष्ण विखे पाटिल, नारायण राणे और एस.एम कृष्णा आदि हैं। दरअसल, जब भी कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार के खिलाफ कोई उठापटक होती है तो नेतृत्व का बिखराव, भ्रम की स्थिति, वरिष्ठ बनाम युवा नेताओं का संघर्ष, ठोस फैसलों का अभाव जैसे आसान जुमले सियासी मंच पर उभरने लगते हैं। आज भी कांग्रेस के लिए केंद्र की सत्ता में हाशिये पर खिसक जाना और उसके चलते कांग्रेस को बचाना चुनौती बना हुआ है।

खासकर 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की धमाकेदार जीत के बाद से कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहने वालों की लाइन लगातार लम्बी होती जा रही है। करीब आधा दर्जन पूर्व केंद्रीय मंत्री, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और कई नए-पुराने प्रदेश अध्यक्ष पार्टी छोड़ चुके हैं। कांग्रेस छोड़ने वाले पूर्व मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी, ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग का नाम शामिल है तो कांग्रेस छोड़ने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्रियों की लिस्ट में जीके वासन (तमिलनाडु), किशोर चंद्र देब-आंध्र प्रदेश, जयंती नटराजन-तमिलनाडु, बेनी प्रसाद वर्मा-उत्तर प्रदेश, श्रीकांत जेना-ओडिशा, शंकर सिंह वाघेला-गुजरात का भी नाम शामिल है। कांग्रेस छोड़ने वाले पूर्व प्रदेश अध्यक्षों में हरियाणा के अशोक तंवर, उत्तर प्रदेश की रीता बहुगुणा, आंध्र प्रदेश के बोचा सत्यनारायण, असम के भुवनेश्वर कलीता, उत्तराखंड के यशपाल आर्या और बिहार के अशोक चौधरी शामिल हैं। नॉर्थ-ईस्ट में कांग्रेस छोड़ने वालों की लंबी फ़ेहरिस्त है। इसमें से तकरीबन सभी बीजेपी में शामिल हो गए। असम के हेमंत बिस्वा सरमा, अरुणाचल प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री पेमा खांडू, त्रिपुरा के सुदीप रॉय बर्मन और मणिपुर के सीएम एन. बीरेन सिंह इसी श्रेणी में आते हैं। ये वो राज्य हैं जहां कुछ साल पहले तक बीजेपी का नाम बमुश्किल ही सुनाई पड़ता था। इसी तरह से आंध्र प्रदेश में कांग्रेस की लगभग पूरी की पूरी लीडरशिप जगन मोहन रेड्डी, टीडीपी या बीजेपी के पाले में जा चुकी है। हरियाणा से लेकर गोवा और महाराष्ट्र की तरफ देखने से कांग्रेस छोड़ने वालों की लिस्ट और लंबी हो जाती है। आज कांग्रेस में जिस तरह की छोड़ा-छाड़ी की बेला चल रही है। कांग्रेस पार्टी में कुछ ऐसी ही भगदड़ 90 के दशक में भी मची थी। साल 1996 में नरसिंह राव की सरकार जाने के बाद पार्टी केंद्र की सत्ता से बाहर थी। नेतृत्व का संकट था। सीताराम केसरी यानी गांधी परिवार से बाहर का शख्स अध्यक्ष बना था और पुराने कांग्रेसियों का असंतोष 'अलविदा' की शक्ल में बाहर आ रहा था।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# आधुनिक खेती और प्रदूषित होती धरती का मर्म



चकमक पत्थरों से आग पैदा करने से लेकर आज माइक्रोवेव ऑवन के दौर तक का सफर बेहद रोमांचक और यादगार है। पाषाण युग में जीव, वनस्पतियों को पहले कच्चा खाकर पेट भरना बाद में पकाकर खाना सीखना भी मानव सभ्यता की सिलसिलेवार कहानी है। यह विकास यात्रा जितनी रोचक है उतनी ही विस्तृत और कुछ यूँ कि कितना भी लिखा जाए शोध किया जाए, कभी खत्म नहीं होने वाली सत्यकथा। चूल्हे में पकाए भोजन का स्वाद, उसका जो महत्व था अब भी जस का तस है। चूल्हा पके भोजन व शुध्द प्राकृतिक उपज का अटूट संबंध भी है। इसके पीछे का मर्म कहें या संदेश साफ है कि शुध्द प्राकृतिक वातावरण वनस्पतियों को भी चाहिए। मानव व वनस्पति दोनों की जननी भूमि, हमारे स्वास्थ्य व समृध्दि के लिए वरदान है। यही प्रकृति शारीरिक विकृतियों, बीमारियों से बचाव का साधन भी है जिसे समझना होगा। यही वजह है कि अत्याधुनिक इस दौर में एक बार फिर प्राकृतिक और अब नया नाम ऑर्गेनिक खेती खूब चर्चाओं में है।

अरबों साल पुरानी धरती पर मानव जीवन 50 से 75 लाख साल पुराना माना जाता है। अध्ययनों और शोधों से भी पता चलता है कि मनुष्य ने कृषि में कई तरह के विकास पूर्व पाषाण युग में किए जो कि आधुनिक काल से 20-25 लाख साल पूर्व से शुरू होकर 12 हजार साल पूर्व तक माने जाते हैं। यानी यह वह दौर था जब कृषि का महत्व बढ़ता ही गया। विकास और सीखने के दौर में खेती केवल पत्थरों के औजारों से निकलकर हल-बैल, बक्खर से होते हुए रहट, तालाब, नहर, ट्रैक्टर, पॉवर ट्रिलर, बिजली के पंप यहां तक कि हरित ऊर्जा यानी सोलर पॉवर तक न केवल आ पहुँची बल्कि अहम होने लगी। दुनिया की अर्थव्यवस्था की प्रमुख धुरियों में खेती-किसानी भी शुमार होने लगी। भारतीय कृषि के संदर्भ में देखें तो रसायनिक खादों से पहले अरंडी, नीम, मूँगफली, सरसों आदि की खली की खाद, हड्डी का चूरा, सनई और मूँग की हरी और सूखी पत्तियों की खाद, बर्मी कम्पोस्ट का खूब चलन था। यह तब की विशुध्द प्राकृतिक खेती का दौर कहा जा सकता है। सच है कि भारतीय किसान 1960 से पहले यूरिया नहीं जानते थे। मवेशियों के मल से तैयार जैविक खाद और पारम्परिक कृषि पर ज़्यादा निर्भरता थी। लेकिन तभी यह मिथक बढ़ा कि प्राकृतिक खादों से फसल का उत्पादन नहीं बढ़ता है। इसी बीच कृषि को अघोषित रूप से ही सही बड़ा इकोनॉमी सेक्टर मान लिया गया और पूरी दुनिया में उत्पादन पर बढ़ावा जैसे शोध और नित नई तकनीकी के प्रयोगों का दौर चल पड़ा। हर रोज खेती एक नए और परिवर्तित रूप में दिखनी लगी। रसायनों के साथ हारवेस्टर, थ्रेसर और नए उपकरणों के चलते पैदावार बढ़ाने की तकनीकों के बीच धरती की सेहत का ध्यान ही नहीं रहा। बढ़ती जनसँख्या और खाद्यान्नों की जरूरतों के बीच उत्पादन की होड़ में यह भी ध्यान नहीं रहा कि जमीन पर रसायनों का कैसा दुष्प्रभाव हो रहा है? सच तो यह है कि इस बारे में ईमानदारी से सोचा ही नहीं गया। तभी हरित क्रान्ति का दौर जो आया तथा यूरिया और तमाम रासायनिक उर्वरकों ने देखते ही देखते दुनिया भर में खेती के तौर तरीके ही बदल दिए। यूरिया के परिणामों से फसल तो लहलहा उठी। लेकिन जल्द ही भोजन में आवश्यक तत्वों की कमीं और शरीर के लिए घातक तत्वों की अधिकता के साथ ही रसायनों के लगातार उपयोग ने जमीन की उर्वरता पर जो असर दिखाए उसने नई बहस और चिन्ता को जन्म दे दिया।

### विचार बिन्दु

**वह खेत की नम व सतही चिकनी मिट्टी को इकट्ठा कर उसमें बीज लपेटते हैं फिर सुखाते हैं। तैयार फसल के कटने से 15 दिन पहले जमीन पर बस फेंक देते हैं जो फसल कटते समय दब जाता है। कटाई के वक्त थोड़ी ठूठ छोड़ देते हैं। इसमें पहले से पड़ी खरपतवार भी होती है जो पानी पड़ते ही सड़ जाती है। इसी से खाद, गैस और प्राकृतिक उपजाऊ पोषण अगली फसल को मिलता है। नई फसल लहलहा उठती है। बस यही छोटा सा फण्डा है जिसमें वो विशुध्द प्राकृतिक फसल होती है जो बिना उर्वरक और बिना जुताई, गुड़ाई, निंदाई के होती है।**



ऋतुपर्ण दवे

खेत बंजर होने लगे तो समझ आया कि रसायनिक उर्वरक अब तक उपजाऊ रही जमीन को किस कदर खराब कर देते हैं। यह अब सबकी समझ में आने लगा है। शायद यही वजह भी है कि समूची दुनिया में एक बार फिर प्राकृतिक खेती पर बहस छिड़ गई है। दरअसल खेती एक स्वतः प्रकृति जनित प्राकृतिक प्रक्रिया है। अज्ञानता कहें या उपज की हवस जो भी उसी के फ़ेर में प्राकृतिक रूप से उपजाऊ जमीन का हमने बेहरमीं से मिजाज ही बदल डाला। शुरू में तो जरूर भरपूर बल्कि कहें इफरात पैदावार हुई। जिससे कोठियाँ और तिजोरियाँ भी खूब भरी गईं। लेकिन जल्द ही उपज के गुण-दोष असर दिखाने लगे। बारीकी से परखने पर पता चला कि रसायनिक उर्वरकों से उपजे अन्न से शरीर की जरूरत के मुताबिक पोषण तो नहीं मिला उल्टा नुकसान दिखने लगा। शायद आहार में मौजूद तत्वों के बदले संतुलन ने स्वास्थ्य पर जहाँ असर दिखाया वहीं कृषि भूमि का खतरनाक मिजाज भी समझ आने लगा। इसी से सबका झुकाव फिर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ा नतीजन के इसके तौर तरीके चर्चाओं में आए और इनकी उपज की माँग बेतहाशा बढ़ने लगी। इन्हीं में एक जीरो बजट नेचुरल फॉर्मिंग है जिसमें बिना निंदाई, जुताई, गुड़ाई की खेती की तरह-तरह की कला से नई उम्मीद जगी कि जल्द ही दुनिया में एक बदलाव तय है वह यह कि हम भोजन की प्राकृतिक शुध्दता को फिर से पा सकेंगे।

आँध्र प्रदेश पहला राज्य है जिसने 2015 में ही जीरो बजट खेती की और 2024 तक इसे गाँव-गाँव तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा। हिमांचल प्रदेश में तो 2022 तक पूरे राज्य को प्राकृतिक खेती में तब्दील करने की ठान रखी है। भारत में प्राकृतिक खेती पर कई नाम अपने आप में ब्रॉन्ड बनते जा रहे हैं। सभी बढ़ावा देने का काम कर एक तरह से पूरे देश में नई क्रान्ति लाने की दिशा में तत्पर हैं। इनमें महाराष्ट्र के कृषि वैज्ञानिक सुभाष पालेकर को भारत में इसका सूत्रधार कहा जा सकता है। जिन्हें जंगलों से प्रेरणा मिली कि बिना खाद और इंसानी मदद के कैसे हरे-भरे हैं? बस यहीं से उन्होंने नया सूत्रपात किया। जब बिना खाद जंगल पनप सकते हैं तो हम अपने खेत में उपज क्यों नहीं ले सकते? कई पुस्तकों के लेखक पालेकर ने 15 वर्ष तक कई शोध किए। आज वह दुनिया भर में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण दे रहे हैं। उत्तराखण्ड के एक गाँव लावली के युवा दम्पत्ति वन्दना और त्रिभुवन जो मुँबई में फैशन इण्डस्ट्री से जुड़े थे अपनी मासूम बच्ची को खोने के बाद प्रकृति से जुड़ने वापस गाँव लौटे और प्राकृतिक खेती में जुट गए। वहाँ लीज पर जमीन लेकर खेती शुरू की। आज वह पूरे क्षेत्र के लिए मिशाल हैं। मौसम के हिसाब से खेती में न केवल खुद महारत हासिल की बल्कि पूरे गाँव की तकदीर बदलने की भी ठान ली। उन्होंने पहाड़ों पर फसल लहलहा कर नया उदाहरण पेश किया। अमेरिका, ऑस्टेलिया, कैनेडा, ब्राजील जैसे देश भी तेजी से प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भारत में भी गंगा के कछारों मे तेजी से प्राकृतिक खेती का चलन बढ़ा है जो अच्छा संकेत है।

बीते दिसंबर में मुझे होशंगाबाद में प्राकृतिक खेती करने में महारत हासिल कर चुके स्व। राजू टाइटस के फॉर्म हाउस जाने का मौका मिला जिन्हें 'ऋषि खेती' के प्रति समर्पित होकर बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। आप जापान के मासानोब फुकुओका से प्रभावित थे जो एक किसान व दुनिया को प्राकृतिक कृषि दर्शन के जनक और असल प्रस्तावक हैं। इनकी पुस्तक 'वन स्ट्रॉ रिवोल्यूशन' यानी एक तिनके से आई क्रान्ति काफी चर्चित है। फुकुओका खुद होशंगाबाद आकर स्व। टाइटस के खेती के तरीकों को सराह चुके हैं। 30-35 वर्षों से बिना निंदाई, गुड़ाई, जुताई के खेती करके सालाना लाखों रुपए कमाए वह भी बिना बाजारू खाद, बिना कीटनाशक का प्रयोग किए। 2018 में राजू टाइटस की मृत्यु के बाद इस फॉर्म हाउस को उनके बेटे मधु टाइटस उसी तर्ज पर आगे बढ़ा रहे हैं। मधु बताते हैं कि इस पध्दति में खर्च नाम मात्र का है।

# अजा एकादशी व्रत से भक्तों को होती है मोक्ष की प्राप्ति



भाद्रपद कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को अजा एकादशी कहा जाता है। अजा एकादशी व्रत करने वाले भक्तों से विष्णु जी प्रसन्न होते हैं और उनके सभी पापों को हर लेते हैं। साथ ही अजा एकादशी व्रत करने से अनंत सुख की प्राप्ति होती है तथा मोक्ष मिलता है। आज अजा एकादशी है। यह एकादशी विष्णु भगवान को बहुत प्रिय है, इसलिए भक्त इस व्रत को बहुत श्रद्धा से करते हैं, तो आइए हम आपको इस व्रत की विधि तथा महत्व के बारे में बताते हैं। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को अजा एकादशी कहा जाता है। अजा एकादशी व्रत करने वाले भक्तों से विष्णु जी प्रसन्न होते हैं और उनके सभी पापों को हर लेते हैं। साथ ही अजा एकादशी व्रत करने से अनंत सुख की प्राप्ति होती है तथा मोक्ष मिलता है। इसलिए सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाले इस व्रत को पूरे विधिवत करें। अजा एकादशी का व्रत दशमी तिथि से प्रारम्भ होता है। लेकिन व्रत का संकल्प एकादशी को लिया जाता है। इस दिन प्रातः जल्दी उठें तथा स्नान कर व्रत का संकल्प लें। उसके बाद घर का मंदिर साफ करें और पूजा प्रारम्भ करें। पूजा में सदैव विष्णु भगवान का प्रिय फल तथा फूल चढ़ाएं। यही नहीं व्रत का पारण भी शुभ मुहूर्त में ही करना चाहिए। सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाले इस व्रत को पूरे विधि-विधान से करना चाहिए।

अजा एकादशी से जुड़ी पौराणिक कथा बहुत खास है। यह कथा राजा हरिश्चन्द्र से जुड़ी हुई है। राजा हरिश्चंद्र सत्यवादी थे तथा उन्होने अपने वचन का पालन करते हुए अपनी पत्नी तथा बच्चे को बेच दिया और खुद भी राजपाट त्याग कर सेवक की तरह जीवन व्यतीत करने लगे। तभी उन्हें गौतम ऋषि मिले उन्होंने राजा हरिश्चन्द्र को अजा एकादशी का व्रत करने को कहा। राजा हरिश्चन्द्र ने विधिपूर्वक यह व्रत किया तथा इस व्रत के प्रभाव से उन्हें उनका राज्य वापस मिल गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अजा एकादशी का दिन बहुत खास होता है इसलिए इस दिन चावल न खाएं। पंडितों के अनुसार इस चावल खाने से अगले जन्म में रेंगने वाले जीव की योनि में जन्म होता है। इसलिए जो लोग व्रत नहीं करते हैं वो चावल का सेवन न करें। अजा एकादशी का दिन भगवान विष्णु की पूजा अवसर होता है इसलिए इस दिन सिर्फ भगवान विष्णु का गुणगान करना चाहिए। अतः भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए एकादशी के दिन गुस्सा नहीं करना चाहिए लड़ाई-झगड़े से दूर रहें। अजा एकादशी के दिन बह्मचर्य का पालन करें और विष्णु जी पूजा करें। इन नियमों के पालन से विष्णु भक्त को विशेष आर्शीवाद देते हैं। साथ इस बात का ध्यान रखें कि एकादशी के दिन कभी भी स्त्रियों का अपमान करें। नारियों को सम्मान नहीं देने से आपको पाप लग सकता है। अजा एकादशी के दिन खास होता है। इसलिए इस मांसाहार ग्रहण न करें। हमेशा हल्का तथा शाकाहारी भोजन ग्रहण करें। इससे भगवान विष्णु प्रसन्न होंगे। अजा एकादशी के दिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। इससे विष्णु जी प्रसन्न होंगे।




## 29 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1612 | सूरत की लड़ाई में अंग्रेजों ने पुर्तग़ालियों को हराया, |
| 1833 | ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम ने कानून का रूप लिया। |
| 1842 | ग्रेट ब्रिटेन और चीन ने नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर किये। अफ़ीम युद्ध समाप्त। |
| 1914 | न्यूजीलैंड सैनिकों ने जर्मन समोआ पर कब्जा किया। |
| 1916 | अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति प्रदान की: फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता। |
| 1932 | नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में अंतर्राष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन। |
| 1941 | रूस में जर्मन इंस्तजकमांडो ने 1469 यहूदी बच्चों की हत्या की। |
| 1945 | ब्रिटिश ने हांगकांग को जापान से मुक्त कराया। |
| 1957 | कांग्रेस ने नागरिक अधिकार अधिनियम, 1957 पारित किया। |
| 1974 | चौधरी चरण सिंह की अध्यक्षता में लोकदल पार्टी स्थापना। |
| 1987 | कर्नल राबुका ने फिजी को गणराज्य घोषित किया। |
| 1996 | आर्कटिक द्वीप के स्पिट्सबर्गेन की पहाड़ी में वनुकोवो एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 141 लोगों की मौत। |
| 1998 | पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित। |
| 1999 | बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान टाइगर सिद्दीकी के नाम से मशहूर सांसद कादिर सिद्दीकी ने संसद की सदस्यता से इस्तीफ़ा दिया। |
| 2000 | न्यूयार्क में चार दिवसीय विश्व शांति शिखर सम्मेलन शुरू। |

# हॉकी के जादूगर थे मेजर ध्यानचंद

### विचार बिन्दु



**योगेश कुमार गोयल**

**भारत में उनके जन्मदिन को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' घोषित किया गया है और इसी दिन विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।**

भारत में प्रतिवर्ष हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फ़ेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए।

दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरूबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पाटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दर्शाया गया है। भारत में उनके जन्मदिन को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' घोषित किया गया है और इसी दिन विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

# अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ाना है तो खाएं ये 7 चीजें

**एचडीएल यानी अच्छा कोलेस्ट्रॉल। जितना ज्यादा एचडीएल, उतना ही स्वस्थ दिल। इसका कम होना मोटापे व हृदय रोगों की आशंका को बढ़ा देता है। एचडीएल में सुधार करना है तो स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देना जरूरी है।**



### पैदल चलें

पैदल चलना, जॉगिंग करना या साइकिल चलाना कोई भी ऐसा व्यायाम करें, जिससे आपकी हृदयगति तेज हो। एक दिन में व्यायाम के लिए 45 मिनट का समय निकालें। कैसा व्यायाम करते हैं, उसके साथ यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि कितनी देर व्यायाम करते हैं।

### वजन रखें नियंत्रित

अगर वजन अधिक है तो वजन कम करने पर जोर दें। खासकर पेट के निचले हिस्से में जमा वसा को कम करने पर ध्यान दें। महिलाओं में 80 सेमी. और पुरुषों में 90 सेमी. से अधिक कमर का होना संकेत है कि वजन कम करना जरूरी है।

### धूम्रपान न करें

धूम्रपान का सेवन शरीर में एलडीएल यानी हानिकारक कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। एचडीएल काफी कम है तो धूम्रपान छोड़ना जरूरी होगा। तंबाकू उत्पादों का सेवन न करना एचडीएल के स्तर में सुधार करता है।

### अच्छी वसा पर ध्यान दें

ट्रांस फैटी एसिड को पूरी तरह ना कहें। हाइड्रोजेनेटेड वनस्पति तेल भी कम खाएं। बाजार में बिकने वाले बिस्कुट व बेकरी प्रोडक्ट, पीनट बटर और बाजार में बिकने वाली तली चीजों में इसका इस्तेमाल होता है।

इसकी जगह मोनोसेचुरेटेड फैट्स खाएं। इसमें सरसों का तेल, जैतून का तेल, मूंगफली का तेल, एवोकाडो व कैनोला ऑयल आदि को शामिल किया जाता है। घर में खाना बनाते समय इन तेलों को कुछ समय पर बदलते रहें। हफ्ते में दो या तीन बार मछली खाना ओमेगा-3 फैट्स के स्तर को बढ़ा देता है। बादाम, अखरोट, पिस्ता के अलावा सीताफल, तरबूज, मेथी, अलसी आदि के बीज खाना भी अच्छा रहता है।

### फाइबर खाएं

ओट्स व चोकर समेत अन्य साबुत अनाज, सेब, अंगूर, खट्टे फल, सब्जियां, बींस और मेथी दाने में भरपूर फाइबर होता है। अच्छे नतीजों के लिए एक दिन में दो से तीन चीजों को अवश्य शामिल करें।

### सोयाबीन भी कर सकते हैं शामिल

हालांकि इस संबंध में अभी भी बहस जारी है और शोध कार्य चल रहे हैं, लेकिन कुछ शोधों के अनुसार एक दिन में 25 ग्राम सोया प्रोटीन लेना एचडीएल के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है।

### डेयरी प्रोडक्ट्स भी लें

कई बार वजन कम करने की प्रक्रिया में डॉक्टर पूरी तरह डेयरी उत्पादों को खाने के लिए मना करते हैं।

ऐसा दूध में उच्च वसा की मौजूदगी के कारण होता है।

पर शोध कहते हैं कि गाय के दूध में मौजूद कुछ तत्व हानिकर कोलेस्ट्रॉल एलडीएल व ट्रीग्लिसराइड्स को कम करने में मदद करते हैं। स्किम्ड मिल्क और टोंड दूध लेना अच्छे विकल्प हैं।

# खराब पोषण तो घेर लेगी बीमारियां



### खून की कमी

एनीमियाग्रस्त व्यक्ति को खून की कमी होती है। यह तब होता है जब शरीर में रक्त के लाल कणों या कोशिकाओं के नष्ट होने की दर, अनके निर्माण की दर से अधिक होती है। चूँकि महिलाएं प्रतिमास आपनी माहवारी के माध्यम से खून गंवाती है, इसलिए किशोरावस्था तथा रजोनिवृति के बीच की आयु की महिलाओं को एनीमिया सबसे अधिक होता है। संसार की गर्भवती महिलाओं में से 50% से भी अधिक एनीमिया से पीड़ित होती हैं क्योंकि उन्हें गर्भ में बढ़ते हुए शिशु के लिए भी रक्त निर्माण करना पड़ता है। एनीमिया एक गंभीर बीमारी है। इसके कारण महिला को अन्य बीमरियों होने की संभावना भी बढ़ जाती है। यह महिला की कार्यक्षमता व सीखने की क्षमता पर भी बुरा प्रभाव डालती है। एनिमियाग्रस्त महिलाओं की प्रसव के दौरान रक्त स्त्राव तथा मरने की संभवना काफी अधिक होती है।

**लक्षण:** त्वचा का सफ़ेद दिखाना, जीभ, नाखूनों व पलकों के अंदर सफेदी (रक्तहीनता) का आभास होना। चक्कर आना विशेषकर लेटी व बैठी स्थिति में उठने पर। बेहोश होना। सांस फूलना। हृदय गति का तेज होना ।

### एनीमिया के कारण

एनीमिया का सबसे प्रमुख कारण हिया लौह तत्व युक्त खाद्य पदार्थों का पर्याप्त मात्रा में न खाना क्योंकि लाल रक्त कणों के निर्माण के लये लौह तत्व की आवश्यकता होती है । इसके अन्य कारण हैं : मलेरिया, जिसमें लाल रक्त कण नष्ट हो जाते हैं। बार-बार गर्भधारण करना। किसी भी कारण रक्त का नुकसान, जैसे कि-माहवारी में अधिक मात्रा में खून जाना (कॉपर टी या अन्त: गर्भस्थ साधन (आइ0यू0डी0) के कारण माहवारी भारी हो सकती है)।

**प्रसव:** पेट के कीड़ों पर परजीवियों के कारण खुनी दस्त लगना। पेट के अल्सरों से खून जाना। किसी जख्म से अधिक खून जाना।

### उपचार व रोकथाम

❖ यदि मलेरिया, परजीवी या कीड़ों के कारण एनीमिया है तो पहले इनका उपचार करें ।

❖ अधिक लौह तत्व युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें और उनके साथ विटामिन 'ए' व 'सी'
समृद्ध खाद्य पदार्थ खायें क्योंकि ये शरीर में लौह तत्व के शोषण में वृधि करते है।

❖ खट्टे फल व टमाटर विटामिन 'सी' के अच्छे स्त्रोत हैं। गहरे पीले व गहरे हरे रंग की पत्तेदार सब्जियों में विटामिन 'ए' प्रचुर मात्रा में होता है।

❖ अगर कोई महिला पर्याप्त मात्रा में लौह तत्व युक्त खाद्य पदार्थ नहीं खा सकती है तो उसे लौह तत्व की गोलियां खानी पड़ेगी।

❖ काली चाय या कॉफ़ी पीने तथा अन्नों की बाहरी परत (चोकर) खाने से परहेज करें। ये शरीर में लौह तत्व के शोषण को कम करती है।

❖ परजीवीयों के संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छ पेय जल ही पीयें।

❖ स्वच्छ शौचालय का प्रयोग करें ताकि कीड़ों के अंडे (जो शौच में हो सकते हैं) भोजन पानी के स्त्रोंतों में न फैलें। यदि आपके क्षेत्र में हुकवर्म काफी प्रचुर है तो नंगे पैर खेतों, जमीन पर न चलें।

❖ बच्चों के जन्म के बीच कम से कम 2 वर्ष का अंतर रखें। ऐसा करने से दो गर्भों के बीच आपका शरीर लौह तत्व का कुछ भंडारण कर पाएगा।

**चूँकि लडकियों तथा महिलाओं को आवश्यकता से कम भोजन या यूँ कहिए कि कम पौष्टिक भोजन मिलता है, इसलिए उनके बीमार पड़ने की संभावना अधिक होती है। नीचे कुछ ऐसी बिमारियों का वर्णन किया जा रहा है तो ख़राब पोषण के कारण होती है।**

### बेरी-बेरी रोग

यह रोग थायमिन (एक प्रकार का विटामिन 'बी') की कमी के कारण होता है । थायमिन एक विटामिन है जो भोजन को उर्जा में परिवर्तित करने में सहायता करता है। एनीमिया की तरह यह रोग भी महिलाओं में किशोरवस्था से लेकर रजोनिवृति के बीच की उम्र में अरु उनके बच्चों को होता है। बेरी-बेरी होने की संभवना सर्वाधिक तब होती है जब भोजन में मुख्य खाद्य इस प्रकार का होता है जिसमें से उसकी बाहरी सतह (उदाहरण तया पॉलिश किया हुआ चावल) निकाल ली गई हो या ऐसा कंदमूल जिसमें स्टार्च की मात्रा काफी अधिक हो (जैसे कि-टेपिओका)।

**लक्षण:** भूख न लगना, खाने की इच्छा नहीं होना। भयंकर कमजोरी, विशेषकर पैरों में। शरीर पर सूजन आ जाना या दिल काम करना बंद कर देता है जिससे अचानक मृत्यु हो सकती है।

### उपचार व रोकथाम

ऐसे खाद्य पदार्थ खायें जिनमें थायमिन अधिक होता है जैसे कि संपूर्ण अन्न, दालें (मटर, फलियां), दूध व अंडा। अगर ये सब खाना संभव नहीं है तो रोगी को थायमिन की गोलियां खानी पड़ेंगी।

# हैप्पी ओल्ड एज के स्मार्ट टिप्स

'जियो और जीने दो' के सिध्दांत को स्थापित रखने का प्रयास करें। जीवन के हर क्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण सतर्क रहें। आवश्यक चैकअप समय-समय पर कराते रहें। जहां तक संभव हो प्रौढ़ावस्था में ही अपनी वृध्दावस्था की तैयारी आरंभ कर दें। अपना बैंक-बैलेंस और आभूषणों को भविष्य में आने वाले समय के लिए सुरक्षित रखें। अपना सब कुछ बांटने और देने की भूल, भूलकर भी न करें। व्यस्त और सक्रिय रहने का प्रयास करें। इसके लिए नियमित रूप से समय के साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। आपका स्वभाव जितना अच्छा होगा, उतना ही आपका बुढ़ापा अच्छा कटेगा। इस बात का विशेष ध्यान रखें। युवा पीढ़ी से ही नहीं, बल्कि किसी अन्य से भी अधिक उम्मीदें कभी न रखें। नौकरी से अवकाश के उपरांत घर पर व्यर्थ न बैठें और न ही आत्मकेन्द्रित बनें, बल्कि समाज व सामाजिक कार्यों के प्रति अपना सक्रिय योगदान दें। आज की आधुनिक जीवनशैली में बहुत आवश्यक है आपका समय के साथ चलना, इसलिए समय के साथ-साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। दूसरे के काम आने का प्रयास करें, इससे आपको भी आत्मसंतुष्टि मिलेगी और दूसरे भी आपसे खुश रहेंगे। इस अवस्था में आप अपनी रुचि व इच्छा के वे सभी कार्य करें, जो आप अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए न कर सके थे। नकारात्मक विचारों को मन में स्थान न दें। सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर सुख-दु:ख को जीने का प्रयास करें। स्वयं में आत्मबल का विकास करें। हर विपरीत परिस्थिति में अपना संयम न खोयें, बल्कि धैर्य और शान्ति से बुरे समय के निकल जाने का इन्तजार करें।

### रतौंधी रोग

यह आंखों की एक बीमारी है जो आम तौर पर दो से पांच वर्ष की आयु के बच्चों में सर्वाधिक होती है लेकिन वयस्कों में भी हो सकती है। यह विटामिन 'ए' की कमी के कारण होती है और गहरे पीले व गहरे हरे रंग की पत्तेदार सब्जियों, फलों व अन्य ऐसे खाद्य पदार्थों के पर्याप्त मात्रा में सेवन न करने के कारण होती है जिनमें विटामिन 'ए' प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। अगर लक्षणों की जल्दी पहचान करके समय पर इसका उपचार न कराया जाए तो अंधापन भी हो सकता है।


**लक्षण:** सबसे पहले, रतौंधी से पीड़ित महिला, कम रोशनी या हल्के अंधेरे में (जैसे कि शाम के समय), अन्य लोगों की तरह अच्छी तरह से नहीं देख पाती है। अगर उसे उपचार न मिले तो उसकी आंखों में सूखापन होने लगता है। आंखों के सफ़ेद हिस्से में सामान्य चमक कम होने लगती है और वहां सिलवटें पड़ने लगती है। आंखों में बिटाट स्पॉट्स बन जाते हैं। कोर्निया (पुतली के ऊपर पारदर्शी भाग) में सूखापन आने लगता है और वहां सूक्ष्म गड्ढे बनने लगते हैं। तत्पश्चात कोर्निया नरम होकर या तो जगह जगह से उभरने लगता है या वह फट भी सकता है। इस क्रिया में आंख में कोई दर्द नहीं होता है। संक्रमण, कोर्निया में सफेदी बनने या अन्य समस्या से अंधापन हो सकता है।

### उपचार व रोकथाम

❖ भोजन में गहरे हरे रंग की पत्तेदार सब्जियां (जैसे कि पलक, मेथी आदि) तथा पीले या लाल फल व सब्जियां (जैसे की गाजर, पपीता, आम आदि) जरुर खायें।

❖ दूध, अंडा, जिगर, व गुर्दे भी विटामिन 'ए' के अच्छे स्त्रोत हैं। इनके खाने से भी विटामिन 'ए' की कमी की रोकथाम होती है।

❖ अगर आप किसी कारण से उपर बताये गए खाद्य पदार्थ खाने में असमर्थ हैं तो आपको विटामिन 'ए' के कैप्सूल लेने होंगे। जो महिला ठीक से भोजन खाती है, उसे सारे विटामिन प्राप्त हो जाते हैं। विटामिनों की गोलियां, इंजेक्शन, शर्बत या टॉनिक लेने से बेहतर है कि ठीक से भोजन खाया जाए। कभी-कभी पौष्टिक भोजन आसानी से उपलब्ध नहीं होता है। अगर कोई महिला पहले से ही कुपोषित है तो उसे यथासंभव मात्रा में भोजन खाना चाहिए और साथ में विटामिन की गोलियां भी खानी चाहिए। विटामिन की गोलियां, सुईयों की तुलना में, उतनी असरदार
परंतु अधिक सस्ती व हानिकारक होती है।
विटामिन की सुईयां कभी न लें। उन्हें खाने ही बेहतर है हो सके तो पौष्टिक भोजन के रूप में।



# लिवर है फैटी तो ये जरूर खाएं ये चीजें

**फैटी लिवर और आंतों से जुड़े रोगों में गहरा संबंध है। शरीर से विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने के लिए सही आहार पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। विटामिन बी और सी युक्त चीजें लिवर को खास फायदा पहुंचाती हैं। प्रोबायोटिक्स शरीर में जमा विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में सहायक हैं। शहद, दही, योगर्ट अधिक खाएं। बाजार में प्रोबायोटिक युक्त ब्रेड, दूध व दही व सप्लिमेंट्स भी मिलते हैं। विटीमिन बी और सी युक्त चीजें खाएं। ये दोनों तत्व रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं और शरीर पर टॉक्सिन्स के असर को कम करते हैं। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स लिवर को ठीक रखता है। सुबह के नाश्ते में मोटापा बढ़ाने वाले तत्व कम और फाइबरयुक्त चीजें अधिक लें।**


आहार में दालें, चोकरयुक्त आटे से बनी चीजें, अंकुरित अनाज व दलिया खाएं। दिन में दो-तीन बार डैंडेलाइन टी पिएं। यह शरीर से पित्त का असर कम करती है। कच्ची सब्जियों व फलों का सेवन लिवर को फायदा पहुंचाता है। खासतौर पर हरे, नारंगी, पीले, बैंगनी और लाल रंग के फल व सब्जियां खाएं। गाजर, मूली, चुकंदर लिवर के लिए अच्छे हैं।

खूब पानी पिएं।

नीबू पानी, नारियल पानी, बेल शरबत व जूस पियें। ये पेय पदार्थ लिवर को ताकत देते हैं। लिवर में बनने वाले पित्त को काबू में रखने के लिए कड़वी पत्तियों मसलन सिंहपर्णी, चिकोरी आदि को सलाद के तौर पर खाएं। करेला भी फायदेमंद होता है। टूना, सरडाइन मछली के अलावा मूंगफली, सनफ्लावर, बादाम, तिल आदि का इस्तेमाल करें। सीताफल के बीज, फली वाली सब्जियां, मटर, दाल व बीन्स खाएं।

### फायदेमंद हैं जड़ी-बूटियां और मसाले

नियमित 5-6 ग्राम सौंफ खाएं। हल्दी और भृंगराज एल्कोहल व अन्य विषैले पदार्थों के असर को कम करने में मदद करते हैं। काली मिर्च का सेवन एसिडिटी के विकार को कम करता है। एसिडिटी लिवर को नुकसान पहुंचाती है।



# अब 'कनप्पा' से धमाल मचाएंगे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग सिर्फ हिंदी बेल्ट में नहीं, बल्कि साउथ इंडिया में भी हैं। इसी पॉपुलैरिटी को इनकैश करते हुए निर्माता इन्हें साउथ की फिल्मों में भी कास्ट कर रहे हैं। अब खबर ये आ रही है कि बॉलीवुड इंडस्ट्री के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार विष्णु मांचू की आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' के साथ अपना तेलुगु डेब्यू करने वाले हैं। इस मूवी को देखने के बाद नॉर्थ से लेकर साउथ बेल्ट तक के लोग बेताब हैं। बता दें कि इससे पहले भी बॉलीवुड के कई दिग्गज अभिनेताओं ने तेलुगु जगत में धमाल मचाया है। इस लिस्ट में सलमान खान और अमिताभ बच्चन जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

## लाइफ Style



# श्रद्धा शादी को लेकर बताई थी दिल की बात

श्रद्धा कपूर इन दिनों 'स्त्री 2' की सफलता का आनंद ले रही हैं। यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि 'स्त्री 2' की रिलीज के बाद से श्रद्धा की फैन फॉलोइंग काफी बढ़ गई है। श्रद्धा को उनके निर्मल स्वभाव की वजह से डाउन-टू-अर्थ माना जाता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अक्सर सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों को सकारात्मक संदेश भेजती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान श्रद्धा ने अपनी शादी के बारे में अपने विचार खुलकर बताए थे। श्रद्धा ने अपने जीवनसाथी के साथ 'पूरी तरह से खुश' रहने बात कही थी। दरअसल, यह बात है 2020 में स्ट्रीट डांसर 3डी के प्रमोशन के दौरान की, जब श्रद्धा कपूर ने बताया था कि शादी के बाद वह खुद को कैसे देखती हैं। श्रद्धा ने सुझाव दिया कि उन्हें अपने पार्टनर के समान ही पागलपन के स्तर पर रहने की जरूरत है। आगे श्रद्धा ने कहा था, 'जब भी मैं शादी करूंगी, चाहे मैं किसी से भी शादी करूं, मुझे उस व्यक्ति के साथ पूरी तरह से घुलना-मिलना होगा। यह मेरे लिए बहुत अहम बात है।' प्रमोशन के दौरान श्रद्धा के साथ मौजूद वरुण ने उनसे कहा कि वह भविष्य में इसे पा लेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बीच, श्रद्धा कपूर ने हाल ही में 'स्त्री 2' की रिलीज के बीच अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। कथित तौर पर, श्रद्धा ने उनकी बहन, उनके प्रोडक्शन हाउस और उनके कुत्ते के अकाउंट को भी अनफॉलो कर दिया है। जुलाई में श्रद्धा द्वारा राहुल के साथ अपने रिश्ते को सोशल मीडिया पर दिखाने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'बेबीगर्ल' की रिलीज से पहले सहमी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की बेहद खूबसूरत और उससे भी कहीं अधिक दमदार एक्ट्रेस निकोल किडमैन एक बार फिर चर्चा में हैं। 57 साल की निकोल जल्द ही इरोटिक-थ्रिलर 'बेबीगर्ल' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उनके साथ हैरिस डिकिंसन, सोफी वाइल्ड और एंटोनियो बैंडेरस भी हैं। यह फिल्म 30 अगस्त को 81वें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर होने वाली है। दिलचस्प है कि फिल्म के प्रीमियर से पहले निकोल खुद इसको लेकर सहमी हुई हैं। एक्ट्रेस ने अपने नए इंटरव्यू में कहा है कि इस फिल्म में उन्होंने जरूरत से 'ज्यादा एक्सपोज' कर दिया है।




# ये उम्रदराज निर्देशक अभी भी बना रहे हैं फिल्में...

लॉस एंजिल्स। फिल्म बनाना एक ऐसी कला है, जिसमें समय के साथ-साथ अनुभव और परिपक्वता का खास महत्व होता है। बिना थके लंबे वक्त तक फिल्में बनाते रहना और उनमें नए-नए प्रयोग करना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन कुछ ऐसे निर्देशक मौजूद हैं, जो सालों से ऐसा करते आ रहे हैं। इनमें फ्रेडरिक वाइजमैन, मार्टिन स्कॉर्सेसी, वर्नर हर्जोग, वुडी एलन और फ्रांसिस फोर्ड कोपोला का नाम सबसे प्रमुख है। इन सभी की उम्र 80 साल से ज्यादा है और आज भी फिल्में बना रहे हैं। फ्रेडरिक 94 साल के हो चुके हैं और अभी भी फिल्में बना रहे हैं। साल 2022 में उनकी बनाई फिल्म 'ए कपल' रिलीज हुई थी। मार्टिन स्कॉर्सेसी 81 साल की उम्र में भी लगातार फिल्मों में नए प्रयोग कर रहे हैं। वर्नर हर्जोग की उम्र 81 हो चुकी है और अभी भी उनका फिल्म बनाने का जुनून कम नहीं हुआ है।



# इंडस्ट्री में हो रही है खेमेबाजी

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कंगना रणौत अपनी नई फिल्म 'इमरजेंसी' का जमकर प्रचार कर रही है। फिल्म के रिलीज होने में अब चंद ही दिन बचे हैं। ऐसे में इसके प्रमोशन के लिए वो लगातार साक्षात्कार दे रही हैं और अपनी फिल्म और अपने करियर के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री पर भी अपनी बात रख रही है। हाल ही में, उन्होंने एक बार फिर से बॉलीवुड को निशाने पर लिया है। कंगना रणौत ने बॉलीवुड को निराशाजनक जगह बताते हुए कहा कि इस जगह का कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री के लोग प्रतिभाशाली लोगों से चिढ़ते हैं। उन्हें बदनाम करने के लिए अभियान चलाया जाता है। कंगना ने यह बातें एक साक्षात्कार में कही। कंगना ने कहा कि आज इंडस्ट्री में नई पीढ़ी के फिल्म निर्माता खेमेबाजी कर रहे हैं।



# 'पुष्पा-2: द रूल' की नहीं टलेगी रिलीज डेट

**नई दिल्ली।** अल्लू अर्जुन स्टारर 'पुष्पा 2: द रूल' के नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज को लेकर काउंटडाउन शुरू हो चुका है। इस पोस्टर के साथ ही यह साफ कर दिया गया है कि फिल्म की रिलीज डेट अब टलेगी नहीं और इसे आने में बस 100 दिन बचे हैं। अल्लू अर्जुन ने भी सोशल मीडिया पर इस फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। सुकुमार द्वारा डायरेक्टेड और फहाद फासिल और रश्मिका मंदाना के अहम भूमिकाओं वाली यह फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो एक हाई-ऑक्टेन सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। लीड एक्टर, अल्लू अर्जुन ने भी पोस्टर को अपनी स्टोरी पर अपलोड किया है। पहली फिल्म, 'पुष्पाः द राइज' एक बड़ी हिट रही, जिसने अपनी जबरदस्त कहानी और यादगार परफॉर्मेंस से भारत और दूसरे देशों के दर्शकों को अपनी तरफ खींचा था।

## टीवी मसाला



# ई-रिक्शा ड्राइवर पारसमणि ने जीते 12.50 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का लेटेस्ट एपिसोड काफी दिलचस्प रहा। हॉटसीट पर मुजफ्फरनगर के ई-रिक्शा ड्राइवर पारसमणि सिंह बैठे। उन्होंने ऐसा गेम खेला कि होस्ट अमिताभ बच्चन को भी हैरत में डाल दिया। पारसमणि सिंह दी गईं लाइफलाइनों का इस्तेमाल करके 25 लाख रुपए के पड़ाव तक पहुंच गए। पर यह राशि जीतने से चूक गए। उन्होंने 12 लाख 50 हजार रुपए जीते। पारसमणि से 25 लाख रुपए के लिए जो सवाल पूछा गया था, वह उसका जवाब नहीं दे सके। यह सवाल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से जुड़ा हुआ था। अमिताभ ने पारसमणि सिंह से 25 लाख रुपए के लिए जो सवाल पूछा था, वह था, 'किस लेखक ने महात्मा गांधी पर किताब लिखी, जो कभी उनसे मिले नहीं थे। पारसमणि को इसका जवाब मालूम नहीं था, और कहा कि उन्होंने दिए गए विकल्पों में से सिर्फ गांधी जी का नाम सुना है। पारसमणि ने फिर लाइफलाइन यूज की, पर उन्हें सही जवाब नहीं मिला। इसके बाद पारसमणि ने खेल छोड़ दिया। सही उत्तर रोमन रोनाल्ड था।

## 'तारक मेहता' छोड़ रहे 'मिस्टर भिड़े'

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के कलाकार एक-एक करके शो छोड़ रहे हैं। कुछ दिन पहले ही एक्टर शरद सांकला को लेकर ऐसी खबरें आई थीं, जिनका उन्होंने खंडन किया था। अब खबर है कि 'मिस्टर भिड़े' यानी मंदार चंदवादकर भी शो छोड़ रहे हैं। एक वीडियो भी वायरल होने लगा। यह देख मंदार चंदवादकर हैरान रह गए और अब उन्होंने रिएक्ट किया है। मंदार चंदवादकर ने शो छोड़ने की खबरों को फर्जी बताया। साथ ही दर्शकों और फैंस से गुजारिश की, कि वो अफवाहों पर न तो ध्यान दें और ना ही फैलाएं। मंदार चंदवादकर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कह रहे हैं, 'नमस्कार दर्शकों, सबसे पहले आप सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की बहुत बहुत शुभकामनाएं। यह वीडियो सिर्फ जश्न के बारे में नहीं है, बल्कि मैं आपके साथ कुछ शेयर करना चाहता हूं, जिसने मेरा ध्यान खींचा। इसके लिए मेरी पत्नी स्नेहल को धन्यवाद।



# 'कोहरा 2' में 'मुंज्या' स्टार मोना सिंह की एंट्री



**मुंबई।** हिट क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'कोहरा' जल्द ही दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रहा है। मेकर्स ने दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। पर इस बार जहां 'मुंज्या' स्टार मोना सिंह की एंट्री हुई है। वहीं, एक एक्टर इस बार कास्ट से मिसिंग है। नेटफ्लिक्स ने 27 अगस्त को 'कोहरा' का दूसरा सीजन अनाउंस करते हुए एक पोस्ट शेयर किया, जिसने फैंस के बीच खलबली मचा दी। हालांकि, खबर है कि शायद एक्टर सुविंदर विक्की 'कोहरा 2' में नजर नहीं आएंगे। 'कोहरा' का पहला सीजन जबरदस्त हिट रहा था, और फैंस तभी से इसकी डिमांड कर रहे थे। साल 2023 में रिलीज हुई इस मिस्ट्री और क्राइम-थ्रिलर सीरीज में रिश्तों के बनने-बिगड़ने की कहानी दिखाई गई थी।

# सिनेमाघरों पर बढ़ा पुरानी फिल्में रिलीज करने का चलन, क्या ऐसे टूटेगा सिनेमाघरों का सन्नाटा?

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड का एक मशहूर गाना है, बार बार देखो हजार बार देखो, ये देखने की चीज है।..इन दिनों सिनेमाघरों में भी कुछ ऐसा ही आलम है। एक समय बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ चुकी फिल्में दोबारा से दिखाई जा रही हैं। 30 अगस्त को एक दो नहीं बल्कि तीन पुरानी फिल्में रहना है तेरे दिल में, तुम्बाड़ और गैंग्स ऑफ वासेपुर री-रिलीज होंगी. कुछ समय पहले रॉकस्टार, मैंने प्यार किया, जब वी मेट और ये जवानी है दीवानी भी दोबारा रिलीज हो चुकी हैं। यही नहीं, एनिमल फेम एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी की बढ़ती पॉपुलैरिटी को देख उनकी लैला मजनूं भी री-रिलीज कर दी गई थी।



**किसका कितना फायदा?** : यहां सवाल ये पैदा होता है कि क्या इन फिल्मों को दोबारा रिलीज करने से सिनेमा मालिकों का बहुत बड़ा फायदा होता है तो इसका जवाब मूवी मैक्स सिनेमा के सीईओ आशीष कनकिया देते हैं कि आर्थिक लाभ की दृष्टि से, दोबारा रिलीज की गई फिल्मों से हमेशा बड़ा फायदा होने की उम्मीद नहीं होती, लेकिन यह एक अलग प्रकार का निवेश है।

### क्या है री-रिलीज की वजह?

इस तरह साउथ से लेकर बॉलीवुड तक में ओल्ड इज गोल्ड का फॉर्मूला अपनाया जा रहा है। वजह? सिनेमाघरों में पसरा सन्नाटा...ये सन्नाटा पसरा कैसे? इसकी सबसे बड़ी वजह फिल्मों का कम तादाद में रिलीज होना है। साल 2024 के अप्रैल से जून के बीच बहुत ही कम हिंदी, अंग्रेजी या पैन-इंडिया फिल्में रिलीज हुई थीं। अगस्त और सितंबर की करें तो 15 अगस्त के दिन 16 बड़ी और छोटी कई भाषाओं की फिल्में एक साथ ही रिलीज कर दी गई। अब उससे पहले के भी कुछ हफ्ते खाली थे, और इसके बाद तो सितंबर तक सिनेमाघरों में इमरजेंसी को छोड़ कोई बड़ी रिलीज नहीं है। ऐसे में सन्नाटा तो पसरेगा ही। लेकिन, अक्टूबर से जनवरी तक, हिंदी, तेलुगु, तमिल और अंग्रेजी फिल्मों का भारी-भरकम शेड्यूल है।

### कहां हुई कौन-सी गड़बड़?

मिराज एंटरटेनमेंट लिमिटेड के एमडी अमित शर्मा कहते हैं, मल्टीप्लेक्सेस को चलाने के लिए लगातार फिल्मों की जरूरत होती है। जब रिलीज शेड्यूल में गैप होते हैं और कॉन्टेंट की कमी होती है, तो हम जैसे मल्टीप्लेक्स ऑपरेटर फिल्मों को दोबारा रिलीज करने का सहारा लेते हैं। खासकर सितंबर के लिए, जो इस वित्तीय वर्ष का रीरिलीज का आखिरी महीना लगता है।' फिल्मों को री-रिलीज सिर्फ बॉलीवुड ही कर रहा है, बल्कि साउथ में भी इस भी इस ट्रेंड को खूब फॉलो किया जा रहा है। पवन कल्याण की गब्बर सिंह और नागार्जुन की शिवा उनके जन्मदिन पर रीरिलीज होंगी। महेश बाबू की मुरारी और रवि तेजा की विक्रामारकुडु को रीरिलीज अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

## कभी मिलने पहुंच गए थे 10 लाख लोग

# हीरो हो तो ऐसा! फैन की हुई मौत तो 11 साल से उसके परिवार का पेट पाल रहे जूनियर एनटीआर

*मुंबई। जूनियर एनटीआर के तीन ऐसे किस्से, जिन्हें जान आपको एक्टर से और प्यार हो जाएगा। जूनियर एनटीआर जहां 11 साल से अपने एक फैन के पूरे परिवार को पाल रहे हैं, वहीं अपनी शादी में 12 हजार फैंस को न्यौता दिया था। जूनियर एनटीआर साउथ के हाइस्ट पेड स्टार्स में से एक हैं और अब पैन इंडिया भी अपनी तगड़ी पहचान बना चुके हैं। आरआरआर के जरिए उनके नाम का डंका ऑस्कर्स तक में बजा और अब सितंबर में जूनियर एनआटीआर की 'देवरा: पार्ट 1' रिलीज होने जा रही है, जिसे लेकर फैंस एक्साइटेड हैं। जूनियर एनटीआर की बेहद तगड़ी फैन फॉलोइंग है, और एक्टर भी कभी उन्हें निराश नहीं करते। वह एक ऐसे स्टार हैं, जो फैंस की खुशी में खुश तो दुख में हर घड़ी साथ रहते हैं। यही वजह है कि जूनियर एनटीआर ने जहां एक फैन के पूरे परिवार को गोद लिया हुआ है, वहीं शादी में 12 हजार फैंस को बुलाया था।*

### 11 साल पहले फैन की मौत गोद लिया पूरा परिवार

बात साल 2013 की है। तब जूनियर एनटीआर की फिल्म 'बादशाह' का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था, और उसमें फैंस की भारी भीड़ पहुंची थी। पर तभी वहां भगदड़ मच गई, जिसमें एक फैन की दर्दनाक मौत हो गई थी। जूनियर एनटीआर को तगड़ा झटका लगा था। वह न सिर्फ उसके परिवार से मिले। उन्होंने न सिर्फ मृत फैन के परिवार को पांच लाख रुपए दिए, बल्कि उन्हें गोद भी ले लिया। वह आज तक उस परिवार की सारी जिम्मेदारियां उठा रहे हैं।



### फैंस के लिए चलवाई थीं 9 स्पेशल ट्रेनें

जूनियर एनटीआर का तगड़ा क्रेज साल 2004 में तब देखने को मिला था, जब उनकी फिल्म 'आंद्रा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट में एक्टर की एक झलक पाने को 10 लाख फैंस पहुंच गए थे। एक्टर क्या मेकर्स को भी अंदाजा नहीं था कि इतनी भीड़ पहुंच जाएगी। व्यवस्था उस तरह की नहीं थी कि इतने फैंस को संभाल पाती। ऐसे में सरकार को मदद के लिए आगे आना पड़ा और फैंस के लिए 9 स्पेशल ट्रेनें चलवाई थीं।

### चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर शुरुआत

जूनियर एनटीआर ने अपने करियर की शुरुआत चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर की थी। उनकी पहली ही फिल्म जबरदस्त हिट रही थी। जूनियर एनटीआर ने साल 2001 में रिलीज हुई रामोजी राव की फिल्म 'निन्नू चूड़ालानी' से बतौर लीड हीरो एक्टिंग डेब्यू किया था।

### 100 करोड़ में शादी बुलाए थे 12 हजार फैंस

शायद ही कोई ऐसा फिल्म स्टार होगा, जिसने अपनी शादी में किसी फैन को इनवाइट किया होगा, लेकिन जूनियर एनटीआर ने अपनी शादी में एक-दो नहीं बल्कि 12 हजार फैंस को बुलाया था। उनकी शादी में कुल 15 हजार मेहमान शामिल हुए थे, और इनमें से 12 हजार सिर्फ फैंस थे। जूनियर एनटीआर ने अपनी शादी पर करीब 100 करोड़ रुपए खर्च किए थे, और इसे टीवी चैनल पर लाइव दिखाया गया था।

### जूनियर एनटीआर की पहली फिल्म का रिकॉर्ड

जूनियर एनटीआर ने साल 2004 में उन्होंने तेलुगू फिल्म 'आदी' में काम किया। यह उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्मों शुमार रही।

## खबर संक्षेप



### 40 साल बाद कश्मीर में खेलेंगे दिग्गज क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** शिखर धवन और दिनेश कार्तिक समेत कई दिग्गज 20 सितंबर से शुरू हो रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीसरे सत्र में नजर आएंगे और करीब 40 साल बाद दिग्गज क्रिकेटर श्रीनगर में खेलेंगे। लीग 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगी। इसमें छह टीमें 25 मैच खेलेंगी और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल 16 अक्टूबर को होगा। फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में 200 खिलाड़ियों का पूल बनाया गया है। इसका फाइनल श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम पर होगा।

### मेघालय ने जीता सुब्रतो कप का सब-जूनियर खिताब

**बेंगलुरु।** मेघालय के नोंगिरी प्रेसबिटेरियन सेकेंडरी स्कूल ने बुधवार को यहां एकतरफा फाइनल में उत्तर प्रदेश के मेजर ध्यानचंद खेल कॉलेज को 3-0 से हराकर 63वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के सब जूनियर लड़कों के वर्ग का खिताब जीत लिया। नोंगिरी प्रेसबिटेरियन की ओर से प्रॉसपरवेल रिनटिंग (पहले और 34वें मिनट) ने दो जबकि नामेबानलेन नोंगकसेह ने एक गोल किया। एयर मार्शल नागेश कपूर ने बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय और एथलीट अश्विनी अकुंजी के साथ ट्रॉफी विजेता टीम को दी। नोंगिरी प्रेसबिटेरियन को खिताब जीतने के लिए चार लाख रुपए की इनामी राशि मिली।

### दिशा और आराध्य ने किया उलटफेर



**पुणे।** भारत के दिशा संतोष और आराध्य शर्मा ने बुधवार को यहां इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के एकल के शुरुआती दौर में बड़ा उलटफेर किया। दिशा ने चीनी ताइपे की छठी वरीयता प्राप्त लियाओ जुई ची को 21-15, 21-18 से जबकि क्वालीफायर आराध्य शर्मा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त साई प्रसाद तीगाला को 15-21, 21-7, 21-15 से हराया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में टंकारा ज्ञान दत्तू तलसिला ने ऑस्ट्रेलिया के श्रेय ढांड को 20-22, 21-19, 23-21 से जबकि गैरवरीयता प्राप्त प्रतीक कौंडिल्य ने दसवीं वरीयता प्राप्त साई श्रेयस पल्लेरला को 21-19, 21-12 से पराजित किया। एक अन्य मैच में चीनी ताइपे के यांग चिएह डैन ने सोलहवीं वरीयता प्राप्त उमा महेश्वर रेड्डी पर 21-17, 21-10 से जीत दर्ज की। वर्गीस जेम्स ने आठवीं वरीयता प्राप्त अमन सुरेश को 21-16, 21-15 से हराकर उलटफेर किया। लड़कियों के शुरुआती दौर में रुजुला रामू ने 16वीं वरीयता प्राप्त यश्वी भट्ट को करीबी मुकाबले में 19-21, 21-15, 21-5 से हराया।

### एथलेटिक्स में 10 पदक जीत सकता है भारत



**नई दिल्ली।** पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण का मानना है कि भारत बुधवार से शुरू हो रहे पैरालंपिक में एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण सहित 10 पदक जीत सकता है और उनका लक्ष्य पिछले पैरालंपिक के अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। सत्यनारायण ने कहा कि भारतीय एथलीटों ने पेरिस पैरा खेलों के लिए गहन प्रशिक्षण लिया है। इस प्रतियोगिताओं में भारत का 84 खिलाड़ियों का अब तक का सबसे बड़ा दल हिस्सा ले रहा है जिसमें 52 पुरुष और 32 महिलाएं शामिल हैं। सत्यनारायण ने एक कहा, 'टोक्यो में हमारे कई एथलीटों ने रजत और कांस्य पदक हासिल किए। इस बार हमारा ध्यान उन्हें स्वर्ण पदक में बदलने पर है।'





## यूएस ओपन : एक साल शानदार वापसी

# ओसाका ने ओस्टापेंको को हराया, अल्काराज भी जीते

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एक साल पहले मातृत्व अवकाश के दौरान नाओमी ओसाका अमेरिकी ओपन के दौरान यहां नजर आई थीं जब उन्होंने महान तैराक माइकल फेल्प्स के साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर चर्चा में भाग लिया था और उस समय उन्हें पता नहीं था कि फिर कोर्ट पर कब उतरेंगी।

एक साल बाद ओसाका ने लुईस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम पर 10वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन के अगले दौर में प्रवेश कर लिया। चार साल में पहली बार उन्होंने शीर्ष दस में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है। अब उनका सामना 2023 फ्रेंच ओपन उपविजेता कैरोलिना मुचोवा से होगा जिसने अमेरिका की कैटी वोलिनेट्स को 6-3, 7-5 से हराया।



### रिकॉर्ड पांच घंटे 35 मिनट चला इवांस और खाचानोव का मैच

अमेरिकी ओपन में डैन इवांस और कारेन खाचानोव के बीच पहले दौर का मैच पांच घंटे 35 मिनट तक चला जो टूर्नामेंट में रिकॉर्ड है। टूर्नामेंट में 1970 में टाइब्रेकर की शुरुआत के बाद से यह सबसे लंबा मैच है। इवांस ने खाचानोव को 6-7, 7-6, 7-6, 4-6, 6-4 से हराया। पांचवें सेट में इवांस 4-0 से पीछे चल रहे थे। आखिरी प्वाइंट पर 22 शॉट की रैली चली और इवांस ने इसमें बाजी मारकर मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले रिकॉर्ड पांच घंटे 26 मिनट का था जब 1992 अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में स्टीफन एडबर्ग ने माइकल चांग को हराया था।

### स्वियाटेक की आसान जीत

महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने कैमिला राखिमोवा को 6-4, 7-6 से हराया। वहीं अमेरिका की 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियेले कोलिंस को हमवतन कैरोलिन डोलेहाइड ने 1-6, 7-5, 6-4 से मात दी। वहीं 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ने 2021 अमेरिकी ओपन विजेता एम्मा राडूकानू को 6-1, 3-6, 6-4 से हराया।

### चार सेट में जीते अल्काराज

पुरुष वर्ग में चार बार के ग्रैंडस्लैम विजेता स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आर्थर ऐश स्टेडियम पर क्वालीफायर लि तू को 6-2, 4-6, 6-3, 6-1 से मात दी। वहीं मार्च में दो डोप टेस्ट में नाकाम के मामले में 'क्लीन चिट' मिलने के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर ने मैकी मैकडोनाल्ड को 2-6, 6-2, 6-1, 6-2 से मात दी।

### कोरिया ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त



**सियोल।** अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप की बुधवार को यहां कोरिया ओपन के पहले दौर में हार के साथ इस सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया। दुनिया के 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता को महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 8-21, 13-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि आकर्षी को पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21, 15-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी मालविका को कड़े मुकाबले में दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क जेयर्सफेल्ट के खिलाफ 21-18, 15-21, 17-21 से हार मिली। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी को को सुंग ह्युन और इयोम ह्ये वोन की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ 7-21, 12-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।


**बाबर को छह स्थान का नुकसान, नौवें स्थान पर खिसके**

# कोहली और जायसवाल की टेस्ट रैंकिंग में सुधार

एजेंसी ▶▶| दुबई

सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए जबकि उनके कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान के नुकसान से छठे पायदान पर हैं। रोहित और कोहली के अलावा युवा यशस्वी जायसवाल भी बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं। वह एक स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड में 56 और 32 रन की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के हैरी ब्रूक तीन स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और रोहित को पीछे छोड़ा। बाबर को छह स्थान का नुकसान हुआ है और वह संयुक्त तीसरे से नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पहले टेस्ट में शतक की बदौलत सात स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।



### अश्विन गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर

*भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स (चार स्थान के फायदे से 16वें स्थान पर) और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो (10 स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर) को रैंकिंग में फायदा हुआ है। ऑलराउंडरों की सूची में जडेजा और अश्विन शीर्ष दो स्थान पर हैं जबकि अक्षर पटेल छठे पायदान पर हैं।*



### मलान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड के लिए सभी प्रारूपों में शतक जमाने वाले पूर्व शीर्ष टी20 बल्लेबाज डेविड मलान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मलान ने 22 टेस्ट, 30 वनडे और 62 टी20 मैच खेले हैं। वह टी20 प्रारूप में 2020 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद से इस प्रारूप में नहीं खेला है। मलान ने कहा, 'मैंने तीनों प्रारूपों को काफी संजीदगी से लिया लेकिन टेस्ट क्रिकेट में काफी मेहनत चाहिए। पांच दिन और तैयारी के दिन अलग। यह मानसिक रूप से काफी थकाऊ है।'

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित**

# पाठक बनेंगे श्रीजेश, गोल पोस्ट की मिली जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पी आर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कृशन बहादुर पाठक को हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली 18 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया था।

पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे।



अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है। नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। वह प्रो लीग में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं।

### भारतीय हॉकी टीम

**गोलकीपर :** कृशन बहादुर पाठक, सूरज करकेरा। **डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित। **मिडफील्डर :** राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा, विवेक सागर प्रसाद, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील। **फॉरवर्ड :** अभिषेक, सुखजीत सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह। मुख्य कोच : क्रेग फुल्टोन।

# वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से रौंदा, 8 विकेट से जीता मैच

एजेंसी ▶▶| तारोबा

निकोलस पूरन के 13 गेंद में 35 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने वर्षाबाधित तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। बारिश के कारण खेल एक घंटे विलंब से शुरू हुआ।

दक्षिण अफ्रीका की पारी के पांचवें ओवर में बारिश फिर शुरू हो गई जिससे मैच प्रति टीम 13 ओवर का कर दिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने उस समय बिना किसी नुकसान के 23 रन बना लिए थे जब बारिश शुरू हुई। ट्रिस्टन स्टब्स ने 15 गेंद में 40 रन बनाकर टीम को चार विकेट पर 108 रन तक पहुंचाया। जवाब में पूरन ने दो चौके और चार छक्के जड़े। वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 60 रन था जब पूरन चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए। शाइ होप ने 24 गेंद में नाबाद 42 और शिमरोन हेटमायर ने 17 गेंद में 31 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट की अटूट साझेदारी में 56 रन जोड़े। इस साल टी20 विश्व कप से पहले भी वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया था।





### लखनऊ के मेंटर बने जहीर, कहा- नई शुरुआत बेहद खास

**कोलकाता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मेंटर का पद संभालने के बाद इसे उस फ्रेंचाइजी के लिए बेहद खास शुरुआत बताया जो दो बार प्लेऑफ में पहुंचने के बावजूद आईपीएल जीतने में नाकाम रही। लखनऊ की टीम ने 2022 में पदार्पण करने के बाद गौतम गंभीर के मेंटर रहते हुए दो बार प्लेऑफ में जगह बनाई लेकिन पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और टीम सातवें स्थान पर रही। जहीर ने मेंटर नियुक्त किए जाने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'लखनऊ आईपीएल में नई फ्रेंचाइजी है लेकिन इसे इस रूप में नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि टीम हर तरह से तैयार है। इस फ्रेंचाइजी ने काफी प्रगति की है। लगातार प्लेऑफ में पहुंचकर उसने अपनी निरंतरता दिखाई है जो इस तरह के कड़े टूर्नामेंट में मुश्किल होता है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि वह प्रक्रिया अच्छी तरह से लागू हो जो टीम की सफलता के लिए आवश्यक होती है। उम्मीद है कि अगला सत्र हमारे लिए खास होगा जो इस फ्रेंचाइजी के लिए बहुत-बहुत खास शुरुआत होगी।'



### पुरानी दिल्ली 6 ने दी उत्तर दिल्ली को मात

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज आयुष ठाकुर के पांच विकेट की मदद से पुरानी दिल्ली 6 ने दिल्ली प्रीमियर लीग में उत्तर दिल्ली स्ट्राइकर्स को 20 रन से हरा दिया। आयुष ने 27 रन देकर पांच विकेट लिए। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य के जवाब में उत्तर दिल्ली टीम सात विकेट पर 172 रन ही बना सकी। आयुष ने पहले ओवर में सलामी बल्लेबाज सार्थक रंजन का विकेट लिया। इसके बाद तीसरे ओवर में यश डबास और पांचवें ओवर में क्षितिज शर्मा को पवेलियन भेजा। सलामी बल्लेबाज वैभव कांडपाल (57) और यजस शर्मा (41) ने 55 रन की साझेदारी की।



## आईसीसी के नव-निर्वाचित चेयरमैन जय शाह का बयान

# टेस्ट क्रिकेट खेल का आधार, दी जाएगी प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नव-निर्वाचित चेयरमैन जय शाह ने कहा है कि वह अपने कार्यकाल में यह सुनिश्चित करेंगे कि टेस्ट क्रिकेट खेल का 'आधार' बने और इस दौरान वह 'क्रिकेट की प्रगति में बाधा डालने वाली बाधाओं को दूर करने' का भी प्रयास करेंगे।

वर्ष 2019 से बीसीसीआई सचिव की भूमिका निभा रहे 35 वर्षीय शाह 62 वर्षीय ग्रेग बार्कले से एक दिसंबर को पदभार ग्रहण करेंगे। वह आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन होंगे। बीसीसीआई द्वारा जारी बयान में शाह ने कहा, 'टी20 स्वाभाविक रूप से एक रोमांचक प्रारूप है लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि टेस्ट क्रिकेट सभी के लिए प्राथमिकता बना रहे क्योंकि यह हमारे खेल का आधार है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्रिकेटरों को लंबे प्रारूप की ओर आकर्षित किया जाए और हमारे प्रयास इस लक्ष्य की ओर केंद्रित होंगे। मैं अपने कार्यकाल के दौरान प्रतिभा खोज के लिए एक अलग कार्यक्रम स्थापित करने की दिशा में काम करना चाहूंगा और मैं इस कार्यक्रम में आपके समर्थन की आशा करता हूं। मैं आईसीसी के सदस्य बोर्डों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने आईसीसी के अध्यक्ष की इस प्रतिष्ठित भूमिका को संभालने के लिए मुझ पर अपना भरोसा जताया। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं दुनिया भर में हमारे खेल के मानक को ऊपर उठाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।'



### तेंदुलकर ने की शाह के कामकाज की प्रशंसा

*मुंबई। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष जय शाह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव के रूप में पुरुष और महिला क्रिकेट को सामान प्राथमिकता देने के उनके प्रयासों के कारण भारतीय बोर्ड अन्य संचालन संस्थाओं से काफी आगे निकल गया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, 'उत्साही होना और क्रिकेट के लिए कुछ अच्छा करने की भावना रखना एक क्रिकेट प्रशासक के लिए आवश्यक गुण हैं। जय शाह ने बीसीसीआई सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इन गुणों का अच्छी तरह से उपयोग किया।'*



# गुकेश ने गिरी से ड्रॉ खेला, प्रागी ने करुआना को बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप में आठ बाजियों में आठवीं बार ड्रॉ खेला। यह टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश ने नीदरलैंड के अनीष गिरी से सिर्फ 23 चाल में ड्रॉ खेला जबकि प्रज्ञानानंदा ने स्थानीय दावेदार फाबियानो करूआना को 28 चाल में बराबरी पर रोका।



### आठवें दौर की सभी बाजियां ड्रॉ रही

फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने एक दौर शेष रहते ग्रैंड शतरंज टूर जीत लिया और उन्हें अपने इस प्रदर्शन के लिए एक लाख डॉलर की बोनस राशि भी मिलेगी। आठवें दौर में फिरोजा ने सबसे लंबी बाजी खेली। उनकी और रूस के इयान नेपोमनियाची की बाजी 80 चाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुई। दस खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट की दिन की दो अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने चीन डिंग लिरेन जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ने अमेरिका के वेस्ली सो से अंक बांटे। इस ड्रॉ से फिरोजा के आठ बाजियों में 5.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी



**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर में जिला कुपवाड़ा के अंतर्गत नियंत्रण रेखा पर मौजूद खुशहाल चौकी के पास आतंकियों ने घुसपैठ का प्रयास किया गया है। जानकारी के अनुसार कुपवाड़ा में घुसपैठियों और सेना के जवानों के बीच मुठभेड़ भी जारी है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में करीब एक महीने बाद विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में दहशतगर्दों ने अपनी नापाक हरकतों को एक बार फिर से अंजाम देना शुरू कर दिया है। खबर लिखे जाने तक सेना और दहशतगर्दों के बीच मुठभेड़ जारी है।

### अमेरिकी संयंत्र ने तोप के गोलों का उत्पादन बढ़ाया



**स्क्रैंटन।** रूस के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई में इस्तेमाल के लिए तोप के गोले बनाने वाले पेनसिल्वेनिया स्थित संयंत्र ने बढ़ती मांग के मद्देनजर उत्पादन को 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने ऐतिहासिक कारखाने के 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से किए जा रहे आधुनिकीकरण के बारे में बताते हुए उत्पादन में हुई वृद्धि की इस सप्ताह जानकारी दी। 'स्क्रैंटन आर्मी एम्युनीशन प्लांट' इस्पात की 2,000 पाउंड (907 किलोग्राम) छड़ों को काटकर 155 मिमी 'हॉवित्जर' के गोलों में ढालता है।

### सीआरपीएफ के डीजी बने अनीश दयाल सिंह



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक, आईपीएस अनीश दयाल सिंह को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। अनीश दयाल सिंह पहले से ही सीआरपीएफ के डीजी के रूप में अपने अनुभव और नेतृत्व का प्रदर्शन कर रहे हैं। 1988 बैच के मणिपुर कैडर के आईपीएस अधिकारी अनीश दयाल सिंह ने दिसंबर 2023 में सीआरपीएफ के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया था। वह 31 दिसंबर 2024 तक इस पद पर रहेंगे या अगले आदेश तक उनकी सेवा जारी रहेगी।

---

अब तक 24000 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

# अगले महीने न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का होगा बड़ा कार्यक्रम, सुनने के लिए आएंगे 24 हजार से अधिक भारतीय

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों को संबोधित करने वाले हैं। इस बड़े कार्यक्रम की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 24 हजार से अधिक भारतीय प्रवासियों ने अपना नाम दर्ज कराया है। 22 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम का नाम 'मोदी एंड यूएस प्रोग्रेस टुगेदर' रखा गया है जो नासाउ वेटरन्स मेमोरियल कॉलेजियम में आयोजित किया जाएगा। इस हॉल की क्षमता 15 हजार लोगों की है। मगर साफ है कि क्षमता से कई अधिक लोग यहां मौजूद रहने वाले हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को भी संबोधित करेंगे।

#### सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दिखाई जाएगी

कार्यक्रम के एक प्रमुख आयोजक ने कहा, हम चाहते हैं कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें। हम बैठने की व्यवस्था बढ़ाने का इंतजाम कर रहे हैं। 'मोदी और अमेरिका' कार्यक्रम भारतीय-अमेरिकी समुदाय की जुड़ी हुई संस्कृति का जश्न मनाने वाला एक समागम होगा। इस कार्यक्रम में व्यापार, विज्ञान, मनोरंजन और कला के क्षेत्र में प्रमुख भारतीय-अमेरिकियों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन और प्रस्तुति भी दिखाई जाएगी।

#### 42 राज्यों से आएंगे भारतीय मूल के लोग

इंडो-अमेरिकन कम्युनिटी ऑफ यूएसए (आईसीयू) ने मंगलवार को बताया कि 24 हजार से अधिक भारतीयों ने इस बड़े कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपना नाम दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि पंजीकरण 590 सामुदायिक संगठनों के माध्यम से आया है, जिनमें से सभी ने संयुक्त राज्य भर से 'वेलकम पार्टनर्स' के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका के कम से कम 42 राज्यों से भारतीय अमेरिकियों के इस इवेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

#### संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी कर सकते हैं संबोधित

वहीं इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय बैठक 24-30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी की गई वक्ताओं की सूची के मुताबिक भारत के राष्ट्र प्रमुख 26 सितंबर को उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करने वाले हैं। पीएम मोदी ने आखिरी बार सितंबर 2021 में वार्षिक उच्च स्तरीय यूएनजीए सत्र को संबोधित किया।

#### 2019 में 'हाउडी मोदी' को किया था संबोधित

इससे पहले साल 2019 में मोदी ने टैक्सास के ह्यूस्टन में एनआरजी स्टेडियम में मेगा सामुदायिक कार्यक्रम 'हाउडी मोदी' को संबोधित किया था। इस दौरान उनके साथ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मौजूद रहे थे। इस साल अमेरिका की उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब देश में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं।


---

दुश्मनों की अब खैर नहीं, 647 करोड़ की हुई डील

# भारतीय सेना होगी मजबूत, अमेरिकी कंपनी को दिया 73 हजार असॉल्ट राइफल्स का दूसरा ऑर्डर

▶▶ नई दिल्ली

घरेलू मोर्चे पर बनी हुई चीन और पाकिस्तान की साझा युद्ध की चुनौती के बीच भारतीय सेना को अमेरिका से 73 हजार और सिग 716 राइफलें मिलेंगी। इन्हें सेना द्वारा पहले से प्रयोग की जा रही स्वदेशी इंसास राइफलों की जगह पर प्रयोग किया जाएगा। अतिरिक्त सिग 716 राइफलों के लिए भारत ने उत्पाद निर्माता कंपनी सिग सॉर को आर्डर दिया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण प्रयासों में भागीदार बनने को लेकर उसे गर्व है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पिछले साल दिसंबर महीने में 73 हजार अतिरिक्त सिग सॉर राइफलों की खरीद से एक प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी।



#### सेना के पास होंगी कुल 1,45,400 राइफलें

कंपनी के मुताबिक, अतिरिक्त राइफलों की आपूर्ति के साथ भारतीय सेना में सिग सॉर 716 राइफलों की कुल संख्या 1 लाख 45 हजार 400 हो जाएगी। भारत ने वर्ष 2019 में 72 हजार 400 राइफलों की खरीद का पहला समझौता अमेरिका के साथ किया था। जवानों द्वारा इन्हें स्वीकार किए जाने के बाद 73 हजार अतिरिक्त राइफलों का यह ऑर्डर दिया गया है। सिग सॉर के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) रॉन कोहेन ने कहा कि हम भारतीय सेना के आधुनिकीकरण प्रयासों में भागीदार बनने को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। इसके जरिए हम रक्षा मंत्रालय के लक्ष्यों की पूर्ति में भी मददगार बन रहे हैं। शुरुआत में हमें उत्पाद, उसके प्रदर्शन और भरोसे को लेकर असाधारण प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं 647 करोड़ की हुई डील।



#### कई देशों की पुलिस और सेनाएं करती है

अमेरिकी कंपनी सिग सॉयर के अध्यक्ष और सीईओ रॉन कोहेन ने एक बयान में कहा कि हमें भारतीय सेना के आधुनिकीकरण प्रयास में भागीदार होने पर गर्व है। सिग-716 राइफल ने भारतीय सेना के साथ रक्षा मंत्रालय के आधुनिकीकरण लक्ष्यों को हासिल करने में मदद की है। इनका इस्तेमाल अमेरिका के अलावा दुनियाभर की करीब एक दर्जन देशों की पुलिस और सेनाएं करती हैं।

#### कमी को पूरा करने के लिए खरीदे हथियार

राइफल्स का करती है उपयोग

भारतीय सशस्त्र बलों में हथियारों की कमी को पूरा करने के लिए खरीदी गईं 72,400 राइफल्स में से सेना को 66,400, भारतीय वायु सेना को 4,000 और नौसेना को 2,000 दी गई थीं। भारतीय सेनाओं के पास मौजूदा समय में लगभग 20 लाख हथियार उपयोग में हैं। भारतीय सेना विभिन्न प्रकार की असॉल्ट राइफल्स का उपयोग करती है। इंसास (इंडियन स्मॉल आर्म्स सिस्टम), एके-47, सिग सॉयर 716 और टावर बंदूकें हैं।

## अब होगी ड्रैगन की बोलती बंद, नेवी ने तैयार किया सबमरीन प्लान

**नई दिल्ली।** चीनी नौसेना नंबर के हिसाब से दुनिया में सबसे बड़ी है और ये तेजी से अपना आकार बढ़ा रही है। तीन एयरक्राफ्ट कैरियर उसके पास मौजूद है और वो चौथे सुपर कैरियर की तैयारी कर चुका है। अभी नहीं लेकिन अगले 2-3 साल के अंदर ये एयरक्राफ्ट कैरियर हिंद महासागर क्षेत्र में भी दिखाई दे सकते हैं। सबमरीन और जंगी जहाज तो इस इलाके से होकर गुजरते ही हैं। लिहाजा एयरक्राफ्ट कैरियर और वॉरशिप का सबसे बड़ा किलर यानी सबमरीन की ताकत भारतीय नौसेना युद्ध स्तर पर बढ़ा रही है। दुनिया में फिलहाल तीन तरह के सबमरीन हैं। पहला डीजल इलेक्ट्रिक पावर्ड सबमरीन है। फिलहाल भारत के पास 16 डीजल इलेक्ट्रिक पावर्ड सबमरीन और 1 बैलेस्टिक मिसाइल न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन है, जिसमें 1 बैलेस्टिक मिसाइल न्यूक्लियर सबमरीन अरिहंत तो सूत्रों के मुताबिक दूसरी अरिघात का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और जल्द वो भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा।

**भारत ने चीन से निपटने के लिए डिटेल प्लान बना लिया**

#### 50 दिन समुद्र के अंदर रह सकती है ये सबमरीन

मौजूदा पारंपरिक डीजल इलेक्ट्रिक पावर्ड सबमरीन को चलाने के लिए बैटरी का इस्तेमाल किया जाता है और बैटरी चार्ज करने के लिए सबमरीन को पानी की सतह पर आना होता है। यानी की 2 से 4 दिन के अंदर डीजल इलेक्ट्रिक पावर्ड सबमरीन को सतह पर आना ही होगा। ऐसे में किसी बड़े लंबे अंडर वॉटर ऑपरेशन में थोड़ी दिक्कत होती है लेकिन न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन के पास सतह पर आने की ऐसी कोई मजबूरी नहीं। ये लंबे समय तक पानी के अंदर डाइव लगा सकती है। कितने दिन तक होगा ये पावर पर नहीं बल्कि उस सबमरीन को ऑपरेट करने वालों के नौसैनिकों की क्षमता पर निर्भर करता है। ये 50 दिन से ज्यादा पानी के अंदर रह सकती है।

---

दो दिवसीय दौरे पर आए विदेश मंत्री विएरा

# दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ संबंध मजबूत करने में जुटा भारत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लंबे अरसे बाद भारत ने एक बार फिर दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ अपने रिश्तों पर ज्यादा ध्यान देना शुरू किया है। भारत यात्रा पर आए ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात हुई और दोनों की अगुआई में नौवें भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग की बैठक हुई।

शाम को दक्षिण अमेरिका के एक अहम देश चिली के विदेश मंत्री अल्बर्टो वान क्लावेरेन नई दिल्ली पहुंचे। इसी महीने विदेश राज्यमंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने इस क्षेत्र के पनामा, ग्वाटेमाला, अल-सल्वाडोर और डोमिनिक रिपब्लिक की यात्रा की है।

#### विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

ग्वाटेमाला और अल-सल्वाडोर के विदेश मंत्रियों व राष्ट्रपतियों ने विदेश राज्यमंत्री से अलग से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ये देश भी भारत के साथ आर्थिक व कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत बनाने को तत्पर हैं। भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग की बैठक के बाद जयशंकर ने बताया, 'द्विपक्षीय संबंधों में आर्थिक, रक्षा, ऊर्जा व बायोफ्यूल, स्वास्थ्य, कृषि, अंतरिक्ष, कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर बात हुई है। इसके अलावा वैश्विक मुद्दे, ब्रिक्स, आइबीएसए (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका का संगठन), जी-20 भी चर्चा का केंद्र में था।

#### ब्राजील कर रहा जी-20 की अगुआई

इस बार जी-20 बैठक की अगुआई ब्राजील कर रहा है। इसकी शीर्ष बैठक 18-19 नवंबर, 2024 को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में होगी। प्रधानमंत्री मोदी के इस बैठक में हिस्सा लेने की संभावना है। जयशंकर बुधवार को भारत-चिली संयुक्त आयोग बैठक की भी सह-अध्यक्षता करेंगे। इसमें हिस्सा लेने के लिए चिली के कृषि मंत्री इस्टेबान वैलेनजुएला भी भारत आ रहे हैं।

---

विदेश मंत्रालय ने मामले को कतर के समक्ष उठाया था

# कतर ने भारतीय दूतावास को लौटाए गुरु ग्रंथ साहिब के दो पवित्र स्वरूप

▶▶ नई दिल्ली

कतर ने दोहा में मौजूद भारतीय दूतावास को गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र स्वरूपों की दो प्रतियां लौटा दी हैं। कतर के अधिकारियों ने इन प्रतियों को बिना मंजूरी के धार्मिक प्रतिष्ठान चलाने से संबंधित मामले में एक भारतीय नागरिक से हाल ही में जब्त किया था। इसे लेकर भारत में काफी विवाद भी खड़ा हो गया था। घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को भांपते हुए विदेश मंत्रालय ने मामले को कतर के समक्ष उठाया था। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि



गुरु ग्रंथ साहिब के दो पवित्र स्वरूपों को लौटाने के लिए हम कतर सरकार को धन्यवाद देते हैं। साथ ही हम कतर या अन्य देशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों से सभी मामलों में स्थानीय कानूनों और नियमों का ईमानदारी से पालन करने की अपील करते हैं।

गौरतलब है कि बीते 23 अगस्त को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सिख समुदाय द्वारा इस मामले को उठाए जाने का उल्लेख किया था। इसके बाद मंत्रालय ने कतर के समक्ष इस मामले को उठाया था। साथ ही ये भी कहा था कि भारतीय दूतावास ने कतर और दोहा में सिख समुदाय को इस पूरे घटनाक्रम के बारे में सूचित किया था।

---

ड्रोन का मूवमेंट दिखने से मचा हड़ंकप

# अमृतसर एयरपोर्ट पर तीन घंटे रोकी गईं पांच फ्लाइट



एजेंसी ▶▶ अमृतसर


अमृतसर में मंगलवार देर रात श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन मूवमेंट दिखाई दी। जिस कारण अमृतसर से उड़ान भरने वाली फ्लाइट करीब तीन घंटे देरी से रवाना हुई। ड्रोन की मूवमेंट देखकर एयरपोर्ट अथॉरिटी सहित सीआईएसएफ, पंजाब पुलिस के अधिकारी तुरंत चौकस हो गए और ड्रोन कहां से और किसने उड़ाया है, इसका पता लगाने में जुट गए। ड्रोन की मूवमेंट बंद नहीं हुई तब तक फ्लाइट को भी रोक रखा गया। देर रात एक बजे के बाद अमृतसर से पुणे, दिल्ली, मलयेशिया आदि को जाने वाली फ्लाइट ने उड़ान भरी। एयरपोर्ट के इर्द-गिर्द के पांच किलोमीटर के घेरे में ड्रोन उड़ने की इजाजत नहीं होती है क्योंकि अगर कोई ड्रोन फ्लाइट से टकरा जाए तो इससे हादसा हो सकता है।

---

# कॉमिक बुक के जरिए मार्शल अर्जन सिंह की प्रेरणादायक कहानियां युवाओं तक पहुंचाएगी वायुसेना

▶▶ नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रसिद्ध मार्शल अर्जन सिंह और वर्ष 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ी गई बोयरा की लड़ाई की कहानी युवाओं तक पहुंचाने के लिए एक कॉमिक बुक (हीरोज ऑफ द इंडियन एयरफोर्स-वॉल्यूम 1) जारी की। इसका उद्देश्य खासकर स्कूल में पढ़ने वाले युवाओं को वायुसेना के वीरता के इतिहास के बारे में




जानकारी देते हुए उससे जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। वायुसेना ने बताया कि मार्शल अर्जन सिंह ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बर्मा अभियान में लड़ाई लड़ी थी। इसके बाद 1965 का भारत और पाकिस्तान का युद्ध लड़ा। वह भारतीय वायुसेना के एकमात्र ऐसे अधिकारी थे। जिन्हें मार्शल ऑफ द इंडियन एयरफोर्स के रैंक से नवाजा गया। देश की आजादी से पहले से उन्हें प्रतिष्ठित डिस्टिंग्विश फ्लाइंग क्रॉस (डीएफसी) प्रदान किया गया था।

---

इस सप्ताह सामरिक बल कमांड में होने वाली अरिघाट की तैनाती के विषय पर रक्षा विशेषज्ञों ने दी प्रतिक्रिया

अरिहंत को भारत ने वर्ष 2016 में एसएफसी में कमीशन किया था

# दुश्मन के मन में परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल से हमले का खौफ पैदा करेगी 'अरिघाट' पनडुब्बी

▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के सामरिक हलकों से मिल रहे ताजा संकेतों की मानें तो इस सप्ताह में कभी भी भारत की दूसरी स्वदेशी परमाणु चालित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएसबीएन) से हमला करने वाली पनडुब्बी 'आईएनएस अरिघाट' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सामरिक बल कमांड (एसएफसी) में कमीशन की जा सकती है। इस दौरान रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी संभावित है। लेकिन वर्तमान में घरेलू और वैश्विक स्तर पर बने हुए संकटपूर्ण हालात के बीच पहले अरिहंत और अब अरिघाट पनडुब्बी के जरिए क्या भारतीय नौसेना



फाइल फोटो

की युद्ध करने की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी? क्या इससे भारत दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो जाएगा या बार-बार भारत को परमाणु हमले की खुली धमकी देने वाले पाकिस्तान की बोलती हमेशा के लिए बंद हो जाएगी? ये कुछ ऐसे सवाल हैं जो अरिघाट की कमीशन से ठीक पहले उठने लगे हैं। इन्हें लेकर हरिभूमि से बातचीत में रक्षा विशेषज्ञों ने अहम प्रतिक्रिया दी है।

**दुश्मन के मन में डर पैदा करेगी:** पूर्व नौसेनाप्रमुख (सेवानिवृत्त) एडमिरल अरुण प्रकाश ने कहा कि अरिघाट पनडुब्बी दुश्मन के मन में भारत की तरफ से हमेशा परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल से हमले का डर पैदा करेगी। अभी हमारे सिर पर पाकिस्तान की प्रत्यक्ष और चीन की अप्रत्यक्ष बनी हुई परमाणु हमले की धमकी की तलवार लटकती रहती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि इसका जवाब देने के लिए हमारे पास भी परमाणु हथियार हों। अरिघाट इसका माकूल जवाब बनेगी। दोनों पड़ोसी देशों को भी यह समझ में आ जाएगा कि अगर उन्होंने कभी गलती से भारत पर परमाणु हथियारों से हमला किया तो उन्हें तुरंत उसका करारा जवाब मिलेगा। भारत परमाणु हथियारों के पहले इस्तेमाल ना करने के सिद्धांत ('नो फर्स्ट यूज ऑफ न्यूक्लियर वेपंस') पर कायम है। लेकिन ऐसे हमले की स्थिति में जवाब दिया जाएगा।

**गोपनीय रहेगा पनडुब्बी का ठिकाना:** एडमिरल अरुण प्रकाश ने कहा कि भारत की वायुसेना और सेना के पास हालांकि पहले से ही जरूरत पड़ने पर दुश्मन पर परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला करने की क्षमता मौजूद है। दोनों सशस्त्र सेनाओं के पास मौजूद हथियारों के ठिकाने यानी लोकेशन का आधुनिक सैटेलाइट्स या अन्य नेवीगेशन उपकरणों की मदद से आसानी से पता लगाकर दुश्मन उन्हें नष्ट कर सकता है। जिसका इस्तेमाल समुद्र में बेहद गहराई में छिपकर हमला करने के लिए किया जाता है।

---

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गाजा संघर्ष को लेकर की तत्काल युद्ध बंदियों की रिहाई और संघर्ष विराम की मांग

# भारत-इजराइल के बीच हुई विदेश कार्यालय संबंधी 17वीं बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल-हमास के बीच मध्य जारी युद्ध के बीच बुधवार को भारत और इजराइल के बीच विदेश कार्यालय संबंधी 17वीं मंत्रणा बैठक हुई। इसमें भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्री और इजराइल की ओर से विदेश मंत्रालय के महानिदेशक याकोव ब्लिस्टीन शामिल हुए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय हितों और उससे जुड़े हुए तमाम पहलुओं पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पश्चिम एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हालात पर भी चर्चा की गई। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गाजा में जारी संघर्ष को लेकर पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए आतंकी हमले की कड़ी निंदा के पक्ष को दोहराया। युद्ध बंदियों की रिहाई, संघर्ष विराम और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के तहत लगातार मानवीय सहायता की आवश्यकता का आह्वान किया। पश्चिम एशिया में लगातार हो रहे हालातों को लेकर भारत की चिंता जाहिर करते हुए समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति की बहाली पर जोर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)